गांधी जी के सुविचार

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95



भूल करने में पाप तो है ही, परंतु उसे छुपाने में उससे भी बड़ा पाप है।

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-206 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 25 सितम्बर 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## समय-सीमा तय करें', TMC के नाम-चुनाव चिन्ह पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, चुनाव आयोग से पूछा- कब सुलझेगा मामला?



नई दिल्ली(ए.)। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जल्द फैसला लेने को कहा है। ममता बनर्जी की याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से पूछा कि दोनों गुटों के बीच चल रहे विवाद का अंतिम निपटारा कब तक किया जा सकता है। आयोग को सोमवार तक इसकी समयसीमा बताने को कहा गया है।

**दो गुटों के बीच फंसा पार्टी का नाम और चिन्ह**

चुनाव आयोग ने 17 सितंबर को अंतरिम आदेश जारी कर दोनों गुटों को 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और उसके पारंपरिक 'फूल और घास' चुनाव चिन्ह के इस्तेमाल से रोक दिया था। आयोग ने कहा था कि पार्टी के भीतर दो प्रतिद्वंद्वी गुट हैं और मामले पर अंतिम फैसला चुनाव चिन्ह संबंधी नियमों के तहत किया जाना बाकी है।इसके बाद आगामी उपचुनावों के लिए दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए।

ममता बनर्जी गुट: 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' — फुटबॉल खिलाड़ी
अरूप रॉय गुट: 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' — लिफाफा

**सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना विवाद का भी दिया हवाला**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोनों गुटों के बीच विवाद को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता। अदालत ने इससे पहले हुए शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह विवाद का भी संदर्भ दिया और चुनाव आयोग से मामले को जल्द निपटाने की समयसीमा बताने को कहा।

### SIR विवाद के बीच CEC ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस, विपक्षी दलों से साधा संपर्क

नई दिल्ली(ए.)। मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) को लेकर जारी विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने विपक्षी दलों से संपर्क कर उनके खिलाफ संसद के दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव का नया नोटिस लाने की तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक यह नोटिस अगले दो सप्ताह के भीतर पेश किया जा सकता है यह पहली बार नहीं है जब विपक्ष ने CEC को हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की है। रिपोर्टों के मुताबिक 24 अप्रैल 2026 को 73 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में ज्ञानेश कुमार को हटाने का नोटिस दिया था, जो अभी लंबित है। अब स्ढ्ढक्र को लेकर सामने आई नई रिपोर्टों के बाद विपक्ष एक नया नोटिस लाने की तैयारी में है।कांग्रेस ने इसके साथ ही अपनी राज्य इकाइयों से 25 सितंबर को राज्य चुनाव आयोग कार्यालयों तक विरोध मार्च निकालने को कहा है। पार्टी की ओर से ष्टश्वष्ट को पद से हटाने की मांग भी की गई है विवाद की प्रमुख वजह स्ढ्ढक्रऔर चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर सामने आई रिपोर्ट है।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का देवास के पुंजापुरा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि अंतरण कार्यक्रम में धनुष बाण भेंट कर स्वागत किया गया।

## बंगाल की खाड़ी के गहरे अवदाब से कई राज्यों में भारी बारिश, छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश में वर्षा जारी; दिल्ली से मानसून की विदाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने मौसम तंत्र के प्रभाव से पूर्वी और मध्य भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तट से गुजर चुका गहरा अवदाब धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। इसके आज शाम तक सामान्य अवदाब और 26 सितंबर की सुबह तक कम दबाव वाले क्षेत्र में बदलने की



संभावना है। हालांकि, इसके कमजोर होने के बाद भी कई क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश जारी रह सकती है।

इसी बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दिल्ली से विदाई ले ली है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों से भी मानसून वापस लौट चुका है।गहरे अवदाब का सबसे अधिक प्रभाव ओडिशा में दिखाई दे रहा है। राज्य में 24 से 26 सितंबर तक और कुछ स्थानों पर 27 सितंबर को भी भारी बारिश होने की संभावना है। दक्षिणी ओडिशा तथा उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

## भाजपा कई राज्यों में लगातार जीत रही, हमें 100% यकीन कि चुनावों में धांधली हुई, राहुल गांधी का बड़ा दावा



नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के खिलाफ तो काम करती है, लेकिन भाजपा के खिलाफ "गायब" हो जाती है। राहुल गांधी ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि वह यह बात बिना आधार के नहीं कह रहे हैं। उनके मुताबिक, उनके पास मौजूद जानकारी और सबूत इस बात को 100 प्रतिशत निश्चित करने के लिए पर्याप्त हैं कि भारतीय चुनावों में गड़बड़ी हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि वह एक राजनीतिक परिवार से आते हैं और 50 वर्षों से भारतीय राजनीति को करीब से देख रहे हैं। उनके मुताबिक, भारत में एंटी-इन्कम्बेंसी एक स्वाभाविक राजनीतिक ताकत है, जो हर सरकार के खिलाफ समय के साथ उभरती है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश युद्ध के बाद भारी लोकप्रियता हासिल की थी, लेकिन कुछ ही समय में उनके खिलाफ भी सत्ता विरोधी माहौल बन गया। यही स्थिति कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के नेताओं के साथ भी होती है, लेकिन भाजपा के मामले में ऐसा नहीं दिखता।उन्होंने कहा, "मैं पूरी निश्चितता के साथ कह सकता हूं कि 2024 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों में धांधली हुई।

### कालकाजी गैंगरेपः एक आरोपी ने पहले भी दंपत्तियों को परेशान किया, दूसरा जिम से निकाला गया

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास आस्था कुंज पार्क में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में जांच के दौरान आरोपियों को लेकर कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस के अनुसार, मामले के एक आरोपी आसिफ का इस इलाके में पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने का पता चला है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उसे पार्क के आसपास चाकू लेकर घूमते और दंपत्तियों को परेशान करते हुए पहले भी देखा गया था। पुलिस ने उसके पास से पिस्तौल, चाकू और कंडोम बरामद किए हैं।

पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या आसिफ पार्क या उसके आसपास हुई किसी अन्य आपराधिक घटना में शामिल रहा है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस में लगी आग; 9 की मौत, कई ने कूदकर जान बचाई



ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुधवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर हवाई अड्डे के पास चलती स्लीपर बस में भीषण आग लगने से नौ यात्रियों की मौत हो गई। हादसे के दौरान बस में सवार कुछ यात्रियों ने जान बचाने के लिए चलती बस से छलांग लगा दी। कई यात्री धुएं और आग के बीच बस में फंस गए थे। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय बस दिल्ली से महोबा जा रही थी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, राज कल्पना ट्रेवल्स की यह बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से महोबा के लिए रवाना हुई थी। बस में करीब 40 से 50 यात्री सवार थे। आग लगने के बाद देखते ही देखते पूरी बस आग की चपेट में आ गई और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।हादसे को लेकर यात्रियों ने बस के चालक और परिचालक पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। यात्रियों के अनुसार, बस में कुछ समय से जलने की गंध आ रही थी। चालक और परिचालक को धूम्रपान करते हुए भी देखा गया था। प्राथमिकी में भी बस में जलने की गंध आने का उल्लेख किया गया है।यात्रियों का आरोप है कि जलने की गंध महसूस होने के बावजूद चालक ने बस नहीं रोकी।

### भाजपा कार्यालयों और हरियाणा सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

नई दिल्ली (आरएनएस)। मुंबई, दिल्ली और चंडीगढ़ स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। धमकी भरे संदेश ईमेल के माध्यम से भेजे गए हैं। इसी तरह चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय को भी बम विस्फोट की धमकी वाला ईमेल मिलने की सूचना है। इसके बाद सचिवालय परिसर में सुरक्षा जांच तेज कर दी गई और खोजी कुत्ता दस्ते को मौके पर भेजा गया।रिपोर्ट के अनुसार, धमकी भरे ईमेल में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाने की बात कही गई है। संदेश में हरियाणा को अलगाववादी गतिविधियों से जोड़ने वाली आपत्तिजनक बातें भी लिखी गई हैं। इसके अलावा पंचकूला के एक विद्यालय और भाजपा के मुंबई, दिल्ली तथा चंडीगढ़ स्थित कार्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी गई है।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों की डूबने से मौत

**-राजकोट में 20 से 22 फीट गहरे जलाशय में हादसा, पिता-पुत्र और भतीजे ने गंवाई जान**



राजकोट (आरएनएस)। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच गुजरात के राजकोट में उस समय मातम पसर गया, जब गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक ही परिवार के तीन सदस्यों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में पिता-पुत्र और उनका भतीजा शामिल हैं। हादसा कुवाडवा-वांकानेर मार्ग पर खोडियार माता मंदिर के पास स्थित जलाशय में बुधवार शाम हुआ।जानकारी के अनुसार, रणपुर रोड स्थित शिवधारा रेजीडेंसी की गली नंबर-6 में रहने वाले चौहान परिवार के सदस्य गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए खोडियार माता मंदिर के पास पहुंचे थे। पारंपरिक रूप से प्रतिमा विसर्जन के दौरान धीरूभाई, उनके पुत्र नयनभाई और भतीजे नरेंद्र धीरूभाई पानी में उतरे।




## मशहूर एक्टर मुश्ताक खान का निधन, कैंसर से थे पीड़ित, गदर-वेलकम जैसी फिल्मों ने दिलाई थी पहचान



मुंबई (ए.) । फिल्म इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता मुश्ताक खान का निधन हो गया है। 'वेलकम', 'आशिकी', 'मुझसे शादी करोगी' और 'हम हैं राही प्यार के' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय और कॉमेडी किरदारों से पहचान बनाने वाले मुश्ताक खान ने 24 सितंबर को अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सामने आते ही फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे

जानकारी के मुताबिक, मुश्ताक खान पिछले करीब 15 दिनों से मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती थे। वह कैंसर से जूझ रहे थे। करीब पांच साल पहले उन्हें इस बीमारी का पता चला था। हाल ही में कैंसर दोबारा लौट आया, जिसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई।उनके बिजनेस पार्टनर शिवम ने अभिनेता के निधन की पुष्टि की है। बताया गया है कि 24 सितंबर को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। मुश्ताक खान ने अपने लंबे फिल्मी करियर में मुख्य रूप से सपोर्टिंग और कॉमेडी भूमिकाएं निभाईं। 'वेलकम' में उनके किरदार को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया था। इसके अलावा 'आशिकी', 'मुझसे शादी करोगी' और 'हम हैं राही प्यार के' जैसी फिल्मों में भी उनकी अदाकारी यादगार रही।पर्दे पर अपने हास्य अंदाज से दर्शकों को हंसाने वाले इस कलाकार के निधन की खबर ने उनके चाहने वालों को भावुक कर दिया है।

## कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

हरदा (आरएनएस)। सिराली थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसा खुदिया और सिराली के बीच हुआ। कार सवार दो युवकों की मौत हो गई।सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल के मुताबिक, हादसा गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे खुदिया गांव के पास हुआ। कार सिराली की तरफजा रही थी। अनियंत्रित होने के बाद कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों युवकों को सिराली लाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए खिरकिया अस्पताल भेजा गया।मृतकों की पहचान 18 वर्षीय गौतम पिता पदम और 22 वर्षीय सर्वेश पिता विनोद के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा किस वजह से हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

## प्रदेश में आज से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री गडकरी बसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेशवासियों को देंगे सौगात**

**बीएचईएल दशहरा मैदान, भोपाल में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम**

भोपाल (निप्र) प्रदेश में 25 सितंबर से सुगम यात्री परिवहन की दिशा में नया अध्याय लिखा जाएगा। लंबे अरसे बाद प्रदेश में सरकारी नियंत्रण में गांव से शहरों तक बसें दौड़ती नजर आएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 7 शहरों की 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत करेंगे।प्रदेशवासियों को सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की जा रही है। इस सेवा से शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में बस कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाएगा। प्रदेश की 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक परिवहन सेवा का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के शुभारंभ



अवसर पर प्रदेश के 7 शहरों की 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को एक साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसमें इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड शामिल हैं। शुरुआती चरण में इंदौर में 145 बसें जिसमें 50 इंटरसिटी और 95 इंट्रासिटी, भोपाल में 106 बसें जिसमें 23 इंटरसिटी और 83 इंट्रासिटी, जबलपुर के लिए 67 बसें जिसमें 14 इंटरसिटी और 53 इंट्रासिटी, रीवा में 18 इंटरसिटी बसें, देवास में 10 इंटरसिटी बसें, कटनी में 3 और भिंड में 2 इंटरसिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

# गणेश विसर्जन आज, 7 घाटों पर 13 क्रेन-12 पोकलेन और 184 गोताखोर तैनात,1665 लाइट रास्ते में लगीं

भोपाल (आरएनएस)। गणेश उत्सव के अंतिम चरण में अब शहर में विसर्जन जुलूसों की रौनक बढ़ेगी। डोल ग्यारस से शुरू हुआ प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु चल समारोह के साथ प्रतिमाएं लेकर घाटों तक पहुंचेंगे। इसे देखते हुए नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा से लेकर प्रकाश व्यवस्था तक व्यापक इंतजाम किए हैं। शहर के सात प्रमुख विसर्जन घाटों पर 13 क्रेन, 12 पोकलेन और 184 गोताखोर तैनात किए गए हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं के पानी में उतरने पर रोक रहेगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, ट्यूब, रस्सी और पीए सिस्टम के साथ निगम के कर्मचारी और तैराक मौजूद रहेंगे। विसर्जन के दौरान रात में निकलने वाले चल समारोह और जुलूसों को देखते हुए शहर के रास्तों पर भी रोशनी की व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने घाटों और जुलूस मार्गों पर कुल 1665 एलईडी फ्लड लाइट लगाई हैं। इनमें 1090 लाइट घाटों पर और 575 लाइट चल समारोह के रास्तों पर लगाई गई हैं। प्रेमपुरा, रानी कमलापति, शाहपुरा, खटलापुरा, हथाईखेड़ा, मालीखेड़ी और बैरागढ़ विसर्जन घाटों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन घाटों पर पुलिस और नगर निगम की टीमें तैनात रहेंगी। पुलिस कंट्रोल रूम से भी इन स्थानों की निगरानी की जाएगी। पिछले दो दिनों में ही इन घाटों पर डेढ़ हजार से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है।



## शादी का झांसा देकर युवती का शोषण



भोपाल (आरएनएस)। एमपी नगर थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद 19 वर्षीय युवती से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने उसे अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया और इसके बाद शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक उसका शोषण करता रहा। आरोपी के शादी से इनकार करने के बाद युवती ने परिजनों की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक हबीबगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय युवती की करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए आरोपी युवक से पहचान हुई थी। आरोपी युवक एमपी नगर के शिवाजी नगर इलाके में रहता है। सोशल मीडिया पर दोनों के बीच बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने युवती को अपने घर मिलने के लिए बुलाया।युवती ने पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ समय से आरोपी पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, लेकिन वह लगातार बात टालता रहा। हाल ही में आरोपी ने शादी करने से पूरी तरह इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने परिजनों की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराईपुलिस ने आरोपी योगेश बंसल के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# कलेक्टर श्री मिश्रा ने ईवीएम गोडाउन का किया निरीक्षण

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था और एसओपी अनुपालन की समीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध**



भोपाल (निप्र)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने भोपाल स्थित ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण किया।

उन्होंने गोडाउन की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी प्रबंधन तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सर्विलांस, सीलिंग प्रक्रिया तथा ईवीएम के सुरक्षित रखरखाव की व्यवस्था का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## भोपाल विज्ञान मेले में एमपी ट्रांसको का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

भोपाल (निप्र)। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में 22 से 26 सितंबर 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय 13वें भोपाल विज्ञान मेले में मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का स्टॉल आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर चालू ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस में विशेष प्रशिक्षित लाइन स्टाफ द्वारा उपयोग किए जाने वाले हॉट सूट पहने लाइन मेंटेनेंस कर्मी के मॉडल विशेष रूप से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

एमपी ट्रांसको के स्टॉल पर स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मॉडल और तकनीकी व्यवस्थाओं को देखकर छात्र-छात्राएं ट्रांसमिशन लाइनों, सबस्टेशनों, विद्युत आपूर्ति के संचालन तथा आधुनिक तकनीकों से जुड़े अनेक सवाल पूछ रहे हैं। एमपी ट्रांसको के अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ विद्यार्थियों के प्रश्नों का सरल भाषा में समाधान कर रहे हैं और मॉडलों के माध्यम से उन्हें विद्युत ट्रांसमिशन तंत्र की कार्यप्रणाली समझा रहे हैं। अधिकारियों के साथ संवाद में विद्यार्थी ट्रांसमिशन क्षेत्र में उपयोग होने वाली नई तकनीकों को लेकर विशेष रुचि दिखा रहे हैं। स्काडा से लेकर ऑप्टिकल फाइबर तक आधुनिक व्यवस्थाओं का प्रदर्शन एम पी ट्रांसको के कार्यपालक निदेशक संदीप गायकवाड़ ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी ने स्टॉल पर एसएलडीसी एवं स्काडा डिस्प्ले, रिमोट वीडियो सर्विलांस प्रणाली, ओपीजीडब्ल्यू एवं ऑप्टिकल फाइबर संचार नेटवर्क, आयसोलेटर के रिमोट संचालन, ऑप्टिकल फाइबर के वर्किंग मॉडल, ऑनलाइन स्काडा, जीआईएस सबस्टेशन की ऑनलाइन कैमरा डिस्प्ले तथा फॉल्ट लोकेटर जैसी आधुनिक तकनीकों को भी प्रदर्शित किया है। मल्टी-सर्किट ट्रांसमिशन लाइनों तथा सबस्टेशनों में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों के मॉडल भी यहां रखे गए हैं।

## उच्चदाब उपभोक्ताओं के लिए सिंगल लॉगइन सुविधा शुरु

**एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म से बिल भुगतान, बिल डाउनलोड, शिकायत सहित विभिन्न सेवाओं का मिलेगा लाभ**

भोपाल (आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उच्चदाब उपभोक्ताओं को विभिन्न विद्युत सेवाएँ एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एचटी कंज्यूमर सिंगल लॉगइन/सर्विस पोर्टल विकसित किया गया है। इस सुविधा के माध्यम से उच्चदाब उपभोक्ता एक ही लॉगइन आईडी/पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड के जरिए पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे।भुगतान, भुगतान रसीद, पिछले 12 माह के बिल, भुगतान विवरण, हरित ऊर्जा प्रमाण-पत्र, फॉर्म-16/टीडीएस प्रमाण-पत्र एवं मीटर रीडिंग विवरण डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही पंजीकृत मोबाइल नंबर के अतिरिक्त नया नंबर जोड़ने एवं ई-मेल अपडेट करने, बिल एवं विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायत दर्ज करने तथा एचटी संयोजन के अंतर्गत भार परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन जैसी सेवाओं का ऑनलाइन लाभ भी लिया जा सकता है।सिंगल लोगिन के लिए उच्चदाब उपभोक्ता एचटी कंज्यूमर/आईवीआरएस के माध्यम से पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी का सत्यापन कर कंज्यूमर लॉगइन के जरिए पोर्टल पर पंजीयन एवं लॉगिन कर सकते हैं।

# रीवा से अपहृत ढाई वर्षीय मासूम बालिका 6 घंटे में सीधी से सकुशल दस्तयाब

**अपहरण एवं षड्यंत्र में शामिल 4 आरोपी गिरफ्तार**

भोपाल(आरएनएस)। रीवा में ढाई वर्षीय मासूम बालिका के अपहरण की सूचना मिलते ही मध्यप्रदेश पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करते हुए महज 6 घंटे के भीतर करीब 100 किलोमीटर दूर सीधी जिले के एक दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। पुलिस टीम ने बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंपते हुए अपहरण की घटना में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मासूम की सकुशल वापसी के लिए पुलिस टीम ने रात में ही लगातार सर्चिंग, घेराबंदी और समन्वित कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया।

सूचना मिलते ही सक्रिय हुआ पुलिस तंत्र

23 सितम्बर रात्रि करीब 8:30 बजे बालिका के परिजन द्वारा थाना समान में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी ढाई वर्षीय बालिका घर पर नहीं है तथा




आसपास संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना समान में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम सक्रिय की गई। पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर प्राप्त सुरागों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। पूछताछ में सामने आया कि बालिका को आंगनवाड़ी केंद्र से बोरी में रखकर दोपहिया वाहन से सीधी जिले की ओर ले जाया गया था।रातभर चला सर्च ऑपरेशन, सीधी से सकुशल मिली मासूमघटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना समान की टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

## नई दिल्ली में होगा बिरसिंहपुर सौर ऊर्जा और बैटरी भंडारण परियोजना पर हितधारक संवाद

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने तथा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए निवेश की संभावनाओं को सामने लाने के उद्देश्य से 25 सितम्बर को मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में बिरसिंहपुर 200 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लस बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना पर निवेशक संपर्क एवं हितधारक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे कार्यक्रम में परियोजना तथा प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं स्वरूप की जानकारी दी जाएगी। अधीक्षण अभियंता अवनीश शुक्ला परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतिकरण करेंगे। कार्यक्रम में निवेशकों एवं अन्य हितधारकों के साथ हितधारक परामर्श एवं प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित होगा, जिसमें परियोजना से संबंधित विषयों पर खुली चर्चा तथा सुझावों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

# 34 लाख मतदाताओं के नाम हटे, निर्वाचन आयोग घेरेगी कांग्रेस, पटवारी बोले- ज्ञानेश कुमार पर कार्रवाई तक आंदोलन




भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस सोमवार को भोपाल स्थित निर्वाचन सदन का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस ने अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 34 लाख 25 हजार 78 नामों का विधानसभा, जिला और कारणवार ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग भी की है। पटवारी ने कहा कि निर्वाचन सदन के घेराव के बाद प्रदेश के सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। उनका कहना है कि कलेक्टर ही जिला निर्वाचन अधिकारी होते हैं, इसलिए मतदाता सूची से जुड़े सवालों को लेकर जिला स्तर पर भी कांग्रेस आंदोलन करेगी। यह ऐलान चुनाव आयोग के भीतर दर्ज कथित आपत्तियों, एसआईआर और मध्य प्रदेश की मतदाता सूची में हुए बदलाव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया गया। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस का सवाल किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि मतदाता सूची की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकार से जुड़ा है।पटवारी ने एक न्यूज पेपर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज कीं।

रिपोर्ट के मुताबिक इन आपत्तियों में नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम हटाने और बहाली, फॉर्म-6 तथा चुनावी सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था से जुड़े मुद्दे शामिल थे। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इन दस्तावेजों के आधार पर सवाल उठा रही है।

उन्होंने मांग की कि दोनों चुनाव आयुक्तों ने किन फैसलों पर आपत्ति जताई, उनकी आपत्तियों में क्या कहा गया और उन पर क्या कार्रवाई हुई, इसका ब्योरा सार्वजनिक किया जाए।नए मतदाताओं के फॉर्म-6 में एसआईआर का जिक्र क्यों?कांग्रेस ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में एसआईआर से जुड़े सवाल जोड़े जाने पर भी सवाल उठाए हैं।

पेपर की रिपोर्ट के मुताबिक ऑनलाइन फॉर्म में आवेदक से उसके या माता-पिता के पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज होने से संबंधित जानकारी मांगी गई।

## निलंबित टीआई राजन का वीडियो वायरल

**महिला अधिकारी पर 'मिसगाइड-मिसइन्फॉर्मेशन' का आरोप; कौन हैं वो अफसर?**



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के जहांगीराबाद में वकील से मारपीट के मामले में निलंबन और एफआईआर के बाद थाना प्रभारी रहे राजन अहिरवार ने पहली बार सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि हर पुलिसवाला कहना चाहता है, हर व्यक्ति कहना चाहता है, पर सोशल मीडिया या सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर सब कुछ नहीं कह सकते। बहुत सारी पाबंदियां होती हैं। अहिरवार ने कहा कि पूरा प्रकरण लोगों के सामने है और वे इस मामले में आगे साक्ष्यों और जानकारियों के साथ अपनी बात रखेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि अंततः वह इस प्रकरण से निकलेंगे।

वीडियो में अहिरवार ने बिना नाम लिए एक महिला अधिकारी को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब तक उनका मामला चल रहा है, तब तक संबंधित अधिकारी को इससे दूर रखा जाए। उनका आरोप है कि उक्त अधिकारी ने शुरुआत से ही वरिष्ठ स्तर पर मिसगाइड और मिसइन्फॉर्मेशन दी। अहिरवार ने यह भी आरोप लगाया कि अपने पूरे कार्यकाल में उन्होंने देखा है कि संबंधित अधिकारी पुलिसकर्मियों का सहयोग नहीं करतीं और छोटी-छोटी बातों में मानसिक तनाव पैदा करती हैं। उन्होंने माना कि यह बात उन्हें खुले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं कहनी चाहिए थी। उनका कहना था कि वह इसे लिखित रूप में भी कह सकते थे, लेकिन ऐसा करने पर उन पुलिसकर्मियों और थाना प्रभारियों की बात सामने नहीं आ पाती जो कथित तौर पर ऐसी परिस्थितियों से जूझ रहे हैं।

## 70 हजार शिक्षकों की बढ़ सकती है सैलरी: मिल सकता है लाखों का एरियर, हाईकोर्ट ने सरकार को 4 हफ्ते दिए

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों की सेवा अवधि पहली नियुक्ति से जोड़ने के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने सरकार को समय दिया है। कोर्ट ने आदेश के पालन के लिए राज्य सरकार को चार सप्ताह की मोहलत दी है। पहली नियुक्ति से सेवा की गणना होने पर शिक्षकों को वरिष्ठता, वेतनवृद्धि, पेंशन और अन्य सेवा लाभ मिलने का रास्ता खुल सकता है। शिक्षक संगठनों का दावा है कि इससे कई शिक्षकों को करीब 10 साल के वेतन अंतर का एरियर मिल सकता है। कुछ मामलों में एरियर की राशि 7 से 8 लाख रुपये तक होने का अनुमान जताया गया है। वहीं, मासिक वेतन में करीब 15 से 20 हजार रुपये तक का अंतर आने का दावा भी किया जा रहा है। हालांकि अंतिम राशि सरकार की गणना और लागू नियमों के आधार पर तय होगी। हाईकोर्ट के शिक्षकों के पक्ष में आदेश के बाद राज्य सरकार ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सरकार की ओर से दायर एसएलपी को 24 अगस्त 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद शिक्षकों ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर आदेश का पालन कराने की मांग की। इसी मामले की सुनवाई जस्टिस दीपक खोट की एकल पीठ में हुई। सरकार की ओर से आदेश के पालन के लिए समय मांगा गया। कोर्ट ने सरकार को चार सप्ताह का समय दे दिया। मामले की अगली सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी। शिक्षकों का कहना है कि छठा वेतनमान 1 जनवरी 2006 से लागू हुआ था, लेकिन उन्हें इसका लाभ वर्ष 2016 से दिया गया।

# महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों की सुविधा के लिए पुलिस पब्लिक स्कूल नेहरू नगर में नवनिर्मित वात्सल्य झूलाघर का शुभारंभ

**पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने किया उद्घाटन, बोले-बच्चों की देखभाल की सुविधा से पुलिस अधिकारी-कर्मचारी निश्चिंत होकर कर सकेंगे अपने कर्तव्यों का निर्वहन**

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पारिवारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर में महिला पुलिस कर्मियों के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए 60 बच्चों की क्षमता वाले नवनिर्मित वात्सल्य झूलाघर (डे-केयर सेंटर) का पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा शुभारंभ किया गया। झूलाघर की सुविधा से ड्यूटी के दौरान छोटे बच्चों की देखभाल को लेकर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सुविधा एवं राहत मिलेगी।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि पुलिस विभाग में महिला आरक्षक, महिला सब इंस्पेक्टर, डीएसपी सहित विभिन्न रैंक पर महिला अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। वर्तमान समय में पति-पत्नी दोनों के नौकरीपेशा होने की स्थिति भी सामान्य है। पहले संयुक्त परिवार व्यवस्था में दादा-दादी अथवा परिवार के अन्य सदस्य बच्चों की देखभाल कर लेते थे, लेकिन बदलते समय में नौकरी के लिए परिवार से बाहर रहना पड़ता है। ऐसे में छोटे बच्चों की देखभाल एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के छोटे बच्चों की उचित देखभाल बहुत जरूरी है, ताकि वे निश्चिंत होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। पुलिस सेवा की प्रकृति



ऐसी है कि कई बार लंबी अवधि तक ड्यूटी करनी पड़ती है, देर रात तक ड्यूटी रहती है तथा त्योहारों के अवसर पर भी पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में झूलाघर जैसी सुविधा बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के साथ ही पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पर बेहतर ढंग से ध्यान केंद्रित करने में सहयोग करेगी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि बच्चों की देखभाल की समुचित व्यवस्था पुलिस परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा है। इससे विशेष रूप से महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों और व्यावसायिक दायित्वों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सकेंगी। झूलाघर के शुभारंभ अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी. श्रीनिवास वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोलोमन यश कुमार मिंज, भोपाल पुलिस आयुक्त संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीमति मोनिका शुक्ला, पीएसओ टू डीजीपी डॉ. विनीत कपूर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इसी अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवारों के लिए गरबा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई।

# 9 दिनों की भूख हड़ताल के बाद झुका प्रशासन, प्रहलाद पांडे ने खत्म किया अनशन, हटेंगे अवैध होर्डिंग




इंदौर (ए)। इंदौर के रीगल तिराहे पर अवैध बैनर, पोस्टर और होर्डिंग के खिलाफ पिछले नौ दिनों से चल रहा प्रहलाद पांडे का अनशन आखिरकार गुरुवार को समाप्त हो गया। नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से अवैध होर्डिंग हटाने को लेकर लिखित आश्वासन मिलने के बाद पांडे ने अपना सत्याग्रह खत्म किया। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों और उनके शुभचिंतकों ने उन्हें नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया।

**नगर निगम और जिला प्रशासन से मिला लिखित आश्वासन**

प्रहलाद पांडे ने बताया कि बुधवार रात नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी उनसे मिलने पहुंचे थे। अधिकारियों ने शहर में अब तक की गई कार्रवाई के फोटो और वीडियो भी साझा किए। इसके साथ ही, मारमाता चौराहा, बाणगंगा चौराहा और महू नाका चौराहे पर लगे अवैध होर्डिंग को जल्द हटाने का औपचारिक आश्वासन दिया और इसके लिए एक निश्चित समय-सीमा भी तय की।प्रहलाद पांडे ने कहा कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं थी, बल्कि शहर में नियमों के विरुद्ध लग रहे बैनर, पोस्टरों और होर्डिंग के खिलाफ थी।

## गणेश विसर्जन डियूटी में होमगार्ड / एसडीईआरएफ का घाटों पर लगेगा वृहद सुरक्षा इंतजाम

उज्जैन (ए.)। शुक्रवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं होमगार्ड विभाग द्वारा शहर के विभिन्न घाटों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाऐं की गई है। रामघाट, भूखी माता, के.डी. पैलेस, त्रिवेणी, हीरामिल की चाल सहित अन्य प्रमुख घाटों पर होमगार्ड के लगभग 150 जवानों की ड्यूटी आपदा उपकरणों के साथ लगाई गई है। जवानों द्वारा घाटों पर लगातार निगरानी रखी जायेगी तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल रेस्क्यू की कार्रवाई की जाएगी। गणेश विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों केडी पैलेस एवं हीरामिल की चाल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा घाटों पर भी गणेश प्रतिमाओं को एकत्रित करने हेतु नगर निगम के वाहन उपलब्ध रहेंगे, जिनमें एकत्रिम गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बाद में पूर्व से निर्धारित स्थानों पर किया जा सके। होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर सतत निगरानी एवं तत्परता के साथ ड्यूटी कर रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर जवानों द्वारा तत्काल रेस्क्यू कार्रवाई कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है, इसी क्रम में दिनांक 24/09/2026 को शिप्रा नदी के रामघाट पर स्नान के दौरान विदिशा से आए एक श्रद्धालु के गहरे पानी में चले जाने से डूबने की स्थिति निर्मित हो गई।

## रजत मुकुट-त्रिपुंड से सजे महाकाल, भस्म अर्पण के बाद दिए राजा स्वरूप में दर्शन

उज्जैन, (ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार तड़के भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का विशेष राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। रजत मुकुट, त्रिपुंड, रजत चंद्र, रुद्राक्ष और सुगंधित पुष्पमालाओं से सजे बाबा महाकाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भस्म अर्पण के बाद भगवान के साकार स्वरूप के दर्शन हुए तो मंदिर परिसर बाबा महाकाल के जयकारों से गूंज उठा।गुरुवार तड़के सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलने के बाद पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित देवी-देवताओं का पूजन किया। भगवान महाकाल का जलाभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और फलों के रस से तैयार पंचामृत से अभिषेक-पूजन किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरिओम का जल अर्पित किया गया और मंत्रोच्चार के बीच भगवान का ध्यान किया गया।

## पचोर में सेवा संकल्प बाइक यात्रा का स्वागत, नेवज नदी किनारे सफाई के साथ दिया स्वच्छता का संदेश



राजगढ़, (ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के पचोर नगर में गुरुवार को वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा'का उत्साह के साथ स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल प्रतिभागियों ने सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वन वाटिका में पौधरोपण किया। इसके बाद नेवज मैया की आरती उतारकर नदी के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया। यात्रियों ने आमजन को जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन भी सुना। प्रधानमंत्री ने युवाओं द्वारा स्वच्छता और पौधरोपण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से अपने जीवन की एक वर्ष की कार्ययोजना बनाने, लक्ष्यों को डायरी में लिखने और प्रतिदिन की प्रगति दर्ज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं और प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को देश और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।

## सोन नदी पुल का रेलिंग तोड 40 फीट नीचे गिरी कार, तीन लोग घायल

अनूपपुर, (आरएनएस) । मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्याफलय में कलेक्टर बंगले के पास बुधवार-गुरूवार की रात सोन नदी पुल पर एक तेज रफ्तार कार रेलिंग तोड़कर करीब 40 फीट नीचे गिर गई। हादसे में कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। कार अनूपपुर से पसला की ओर जा रही थी। गनीमत रही कि कार नदी के किनारे वाले हिस्से में गिरी, जहां करीब 2 फीट पानी का बहाव था। इससे कार का सिर्फ अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। तीनों में से एक को ज्यादा चोट आई थी, लेकिन डॉक्टरों को हैरानी हुई कि इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद भी किसी को गंभीर चोट नहीं लगी।



## सेवा संकल्प अभियान : प्राकृतिक खेती को लेकर समनापुर में कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित



जबलपुर (आरएनएस),। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड जबलपुर के ग्राम समनापुर में आत्मा परियोजना द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं इसके प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों के साथ प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों, इसके लाभ, कम लागत में उत्पादन तथा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के विषय पर चर्चा की गई। कृषकों को प्राकृतिक खेती में जीवामृत, बीजामृत एवं अन्य प्राकृतिक कृषि आदानों के उपयोग की जानकारी प्रदान की गई।संवाद के दौरान कृषक श्रीमती बूँदा सैयाम ने प्राकृतिक खेती को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वे अपनी मक्का की फसल में 2-3 बार जीवामृत का छिड़काव कर चुकी है जिससे उनकी फसल में भुट्टे का आकार पहले की तुलना में बढ़ गया है। कृषक दीपा ने बताया कि उनकी अरहर की फसल में वृद्धि नहीं हो रही थी। वो इस फसल की जोत कर कुछ और फसल लगाने का सोच रही थी। लेकिन जैसे ही उन्हें जीवामृत के बारे में जानकारी मिली उन्होंने उसका उपयोग अपनी फसल में किया। आज उनकी अरहर की स्थिति बहुत अच्छी हो गई है। श्री पूरण लाल ने बताया कि उनकी अरहर की फसल में पहले भुनगी की समस्या थी। जैसे ही जीवामृत का छिड़काव किया खेत से भुनगी गायब हो गई।संवाद के इस कार्यक्रम में किसानों के साथ खेती में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की। साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक कृषकों को इससे जोड़ने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के पश्चात समनापुर में निर्मित बीआरसी यूनिट का अवलोकन भी सभी किसानो को करवाया गया। वहां से जीवामृत बीजामृत घनजीवमृत निर्मास्त्र लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा इनकी निर्माण विधि के बारे में भी जानकारी दी गई।

## रामघाट पर एसडीआरएफ जवान राहुल परिहार ने श्रद्धालु को डूबने से बचाया*

उज्जैन (ए.)। शिप्रा नदी के पवित्र रामघाट पर स्नान के दौरान विदिशा से आए एक श्रद्धालु के गहरे पानी में चले जाने से डूबने की स्थिति निर्मित हो गई। श्रद्धालु को डूबता हुआ देखकर रामघाट पर तैनात एसडीआरएफ जवान राहुल परिहार ने तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए तत्काल नदी में छलांग लगाई तथा डूब रहे श्रद्धालु को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। रामघाट पर स्नान के दौरान इस प्रकार की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए रामघाट पर तैनात एसडीआरएफ एवं होमगार्ड के जवान निरंतर सतर्कता के साथ ड्यूटी कर रहे हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रेस्क्यू कार्रवाई कर श्रद्धालुओं की जान बचा रहे हैं। रामघाट पर एसडीआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों की तैनाती के पश्चात डूबने से होने वाली मृत्यु की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है।

# व्यापार समाचार

## भारत ने चीनी डेकोर पेपर पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी बढ़ाई, घरेलू उद्योग को मिलेगी राहत

नई दिल्ली (आरएनएस),। चीन से आयात होने वाले डेकोर पेपर पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी की अवधि बढ़ाते हुए भारत सरकार ने घरेलू उद्योग को राहत दी है। वित्त मंत्रालय ने इस शुल्क को 26 मार्च 2027 तक जारी रखने का निर्णय लिया है, ताकि सस्ते आयात के कारण स्थानीय बाजार में पैदा होने वाले दबाव और रोजगार पर पड़ने वाले असर को कम किया जा सके।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह एंटी-डंपिंग ड्यूटी पहले 26 दिसंबर 2026 तक लागू रहने वाली थी, लेकिन अब इसकी अवधि बढ़ाकर 26 मार्च 2027 तक कर दी गई है।

गौरतलब है कि दिसंबर 2021 में राजस्व विभाग ने चीन से आयात होने वाले डेकोर पेपर पर 110 डॉलर प्रति टन से 542 डॉलर प्रति टन तक की एंटी-डंपिंग ड्यूटी 5 वर्षों के लिए लगाई थी।

नई अधिसूचना में कहा गया है कि चीन से आयात या निर्यात किए जाने वाले डेकोर पेपर पर लागू एंटी-डंपिंग शुल्क को मार्च 2027 तक बढ़ाया जा रहा है। यह फैसला वाणिज्य मंत्रालय के महानिदेशालय व्यापार उपचार (डीजीटीआर) की सिफारिश के आधार पर लिया गया है।

सरकार का कहना है कि अत्यधिक सस्ते आयात से घरेलू उत्पादकों को नुकसान होता है, क्योंकि इससे स्थानीय बाजार में कीमतों पर दबाव बढ़ता है और घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होती है।

एक अलग अधिसूचना में वित्त मंत्रालय ने यह भी बताया कि ईरान, ओमान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात होने वाले कैल्साइंड जिप्सम पाउडर पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी को भी 16 मार्च 2027 तक बढ़ा दिया गया है।

कैल्साइंड जिप्सम पाउडर को आमतौर पर प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) कहा जाता है और इसका उपयोग निर्माण, फार्मास्युटिकल और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जाता है।

# आने वाले वर्षों में चालू खाता घाटा और एफटीए से पैदा हुए अवसरों से रुपया होगा मजबूत : आरबीआई डिप्टी गवर्नर

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रुपया 31 मार्च, 2025 से 16 सितंबर, 2026 तक संचयी रूप से 13.1 प्रतिशत (प्वाइंट-टू-प्वाइंट आधार पर) कमजोर हुआ है। ऐसे में भारतीय मुद्रा के मौजूदा स्तर से न केवल स्थिर होने, बल्कि मजबूत होने की भी पर्याप्त जगह है। यह बयान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने दिया।

उन्होंने कहा, अगर कुछ कहा जाए तो ऐसा लगता है कि रुपए के मौजूदा स्तर से केवल स्थिर होने ही नहीं, बल्कि शायद मजबूत होने की भी पर्याप्त गुंजाइश है। जब पूंजी प्रवाह से जुड़े उपाय पहली बार घोषित किए गए थे, तब बाजार विश्लेषकों ने भी इसी तरह की उम्मीद जताई थी।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में चालू खाते का घाटा (सीएडी) और कम होना चाहिए। इसकी वजह अर्थव्यवस्था की पारंपरिक मजबूती के साथ-साथ नई ताकतों का उभरना है, जिसमें वस्तुओं के निर्यात में बढ़ती सफलता भी शामिल है।

गुप्ता ने मुंबई में एसबीआई के एक सम्मेलन में कहा, आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजार में व्यवस्थित परिस्थितियां सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसके पास कई दशकों के सीएडी या भुगतान संतुलन (बीओपी) के शुद्ध घाटे को पूरा करने की क्षमता है।

भारत परंपरागत रूप से चालू खाते में मामूली घाटा और पूंजी खाते में बड़ा अधिशेष दर्ज करता रहा है, जिसके परिणामस्वरूप भुगतान संतुलन




(बीओपी) सकारात्मक रहा है।

जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत का सीएडी समय के साथ कम हुआ है, जिससे भुगतान संतुलन को मजबूती मिली है।

गुप्ता ने विस्तार से बताया, इसके अलावा, सीएडी का स्तर उन स्तरों से काफी नीचे रहा है, जिन्हें आमतौर पर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए उचित माना जाता है। शुद्ध सेवा निर्यात और प्रेषण भारत की बड़ी संरचनात्मक ताकत बने हुए हैं। दोनों मिलकर इतने बड़े और मजबूत हैं कि वस्तुओं के व्यापार घाटे को संतुलित कर सकें और सीएडी को जीडीपी के 1 प्रतिशत से नीचे बनाए रख सकें।हाल में तेल और सोने की कीमतों में आए झटकों ने अस्थायी रूप से सीएडी को बढ़ा दिया है। इसके अलावा, पिछले दो वर्षों में पूंजी खाते का अधिशेष सीएडी से कम रहा है। इसके परिणामस्वरूप 2024-25 में करीब 5.0 अरब डॉलर और 2025-26 में 23.6 अरब डॉलर का नकारात्मक बीओपी दर्ज हुआ। उन्होंने आगे कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के इस्तेमाल और देश में अपने तेल भंडार खोजने के प्रयासों के चलते भारत की आयातित तेल पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। इससे जीडीपी के प्रतिशत के रूप में तेल की मांग में लंबे समय से जारी गिरावट की प्रवृत्ति को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, यह उस स्थिति के अतिरिक्त होगा जब संघर्ष समाप्त होने के साथ ही तेल की कीमतें भी स्थिर हो जाएंगी। साथ ही हाल के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के सकारात्मक प्रभाव सामने आने और अनुकूल विनिमय दर के साथ यह मजबूती आगे भी जारी रहेगी।

## भारतीय शेयर बाजार कमजोर वैश्विक संकेतों से लाल निशान में खुला, फाइनेंशियल स्टॉक्स पर दबाव

मुंबई ,(आरएनएस),। कमजोर वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लाल निशान में खुला। सुबह 9:17 पर सेंसेक्स 628 अंक या 0.84 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,199 और निफ्टी 207 अंक या 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,299 पर था।

शुरुआती कारोबार में गिरावट का नेतृत्व फाइनेंशियल स्टॉक्स कर रहे थे। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी प्राइवेट बैंक करीब 2-2 प्रतिशत की कमजोरी के साथ लूजर्स थे। निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी मेटल, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी कंजप्शन और निफ्टी एनर्जी के साथ करीब सभी सूचकांक लाल निशान में थे।

सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टीसीएस और इन्फोसिस गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, एलएंडटी, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एमएंडएम, भारती एयरटेल और इटरनल लूजर्स थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में कमजोरी के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 606 अंक या 0.97 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 61,808 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 147 अंक या 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,844 पर था।

एक्सपर्ट्स ने कहा कि ब्रेंट क्रूड की कीमत का 102 डॉलर प्रति बैरल के पार जाना और यूएस के 10-साल के बॉन्ड यील्ड का बढ़कर 5.11 प्रतिशत हो जाना बाजार के लिए नकारात्मक है। जब तक ये दो ग्लोबल चुनौतियां बनी रहेंगी, तब तक मार्केट में तेजी से रिकवरी की संभावना कम ही दिखती है। हाल के मार्केट ट्रेंड में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर लगातार फोकस बना हुआ है।

## भारतीय शेयर बाजार में एनएसई की सुस्त शुरुआत, 0.84 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ हुआ लिस्ट

मुंबई (आरएनएस)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने गुरुवार को दलाल स्ट्रीट पर कमजोर शुरुआत की। एनएसई का शेयर बीएसई पर 1,800 रुपए प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुआ, जो उसके इश्यू प्राइस 1,785 रुपए के मुकाबले केवल 0.84 प्रतिशत अधिक है। लंबे समय से इंतजार किए जा रहे



एनएसई का आईपीओ 17 सितंबर से 21 सितंबर तक खुला था और इसे 5.71 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इश्यू का आकार 22,568.94 करोड़ रुपए था, जबकि निवेशकों ने 90,287.33 करोड़ रुपए की बोलियां लगाईं।

एनएसई आईपीओ का प्राइस बैंड 1,700-1,785 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था। यह पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था, जिसके तहत मौजूदा शेयरधारकों ने 12.64 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की। एनएसई आईपीओ, 2024 में हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपए के आईपीओ के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू था। इस बीच, शेयर बाजार में लिस्टिंग से पहले एनएसई आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) तेजी से गिरावट देखी गई थी। बुधवार को प्रीमियम घटकर कथित तौर पर 43 रुपए प्रति शेयर रह गया था। इश्यू खुलने से पहले ग्रे मार्केट में सेंटीमेंट काफी मजबूत था और प्रीमियम लगभग 200 रुपए प्रति शेयर तक पहुंच गया था। इससे 8 प्रतिशत से अधिक के संभावित लिस्टिंग गेन का संकेत मिल रहा था। एनएसई आईपीओ निवेशकों की विभिन्न श्रेणियों में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) हिस्से में सबसे अधिक मांग देखने को मिली और यह 12.68 गुना सब्सक्राइब हुआ। नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) का हिस्सा 6.55 गुना और रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स (आरआईआई) का हिस्सा 1.39 गुना सब्सक्राइब हुआ।

## तीन दिन की हड़ताल से पहले आम लोगों की सुविधा के लिए रविवार को खुले रहेंगे बैंक, पहले ही निपटा ले अपने जरुरी काम




नई दिल्ली (ए.)। आम लोगों की बैंकिंग जरूरतों में व्यवधान को कम करने के लिए सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को रविवार को खुले रखने का निर्देश दिया है। यह फैसला बैंक कर्मचारियों की 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल से एक दिन पहले लिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम-लिंक शाखाओं और करेंसी चेस्ट को रविवार को पूरी तरह से चालू रखने की मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) रविवार को सामान्य रूप से काम करेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) द्वारा 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए और इससे पहले 26 और 27 सितंबर को सप्ताहांत की छुट्टियां होने के कारण सरकार ने नागरिकों की बैंकिंग जरूरतों को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। इस कदम से हड़ताल के समय के कारण आर्थिक गतिविधियों में होने वाले व्यवधान को कम करने में मदद मिली है। अगर शनिवार और रविवार दोनों दिन बैंक बंद रहते, तो हड़ताल के कारण बैंकिंग गतिविधियां लगातार पांच दिनों तक प्रभावित होतीं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की यूएफबीयू तथा कुछ अन्य यूनियनों ने पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था लागू करने और परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना वापस लेने की मांग को लेकर हड़ताल का आह्वान किया है। फिलहाल बैंक कर्मचारियों को महीने में दो शनिवार की छुट्टी मिलती है, लेकिन बैंक यूनियनें बाकी दो शनिवार को भी छुट्टी किए जाने की मांग कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि बैंक ग्राहकों का कल्याण और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार और बैंक प्रबंधन ने यूनियनों से प्रस्तावित हड़ताल को टालने की अपील की है। साथ ही, आवश्यक बैंकिंग सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों से प्रस्तावित हड़ताल वापस लेने की अपील की है। सरकार का कहना है कि उसने यूनियनों की प्रमुख मांगों में से एक को पहले ही पूरा कर दिया है और पीएलआई योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि उठाई गई चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने विस्तृत चर्चा के बाद पीएलआई योजना को फिलहाल स्थगित रखने का फैसला किया। सरकार की इस पहल से यूनियनों की दो प्रमुख मांगों में से एक पूरी हो गई है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अवैध और असुरक्षित निर्माण

कुछ सवाल हैं, जो हर हादसे बाद उठते हैं। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी अवैध और असुरक्षित निर्माण तथा सुरक्षा नियमों की अनदेखी के साथ चल रहे आवासीय कारोबार का अड्डा बन गई है। कहानी एक जैसी होती है, सिर्फ घटना का स्थल और उसके शिकार पात्र बदल जाते हैं। हाल में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इमारत गिरने और आग लगने की घटनाओं पर गौर करें, तो उपरोक्त वाक्य सहज ही जुबान पर आ जाता है। इस सिलसिले की ताजा घटना दिल्ली के सत्य निकेतन में हुई, जहां वो इमारत ढही, जिसमें अनेक छात्र पेइंग गेस्ट के रूप में रहते थे। फिलहाल वहां हुई मौतों और दर्दनाक नज़ारे से लोग आहत हैं। लेकिन ऐसा ही जुलाई 2024 में हुआ था, जब एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसात का पानी जा घुसा, जिससे तीन छात्रों की मौत हुई थी। इस वर्ष मई में साकेत इलाके में बिल्डिंग गिरी, तो जून में हौजरानी में बीएंडबी होटल में आग लगने से 23 लोगों की जान गई।

ऐसी सारी घटनाओं में कुछ बातें समान रहती हैं। मसलन, इमारत का अनियमित इस्तेमाल, अवैध निर्माण, सुरक्षा नियमों की अनदेखी, आदि। आम शिकायत है कि ऐसा अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ ठेकेदारों और संपत्ति मालिकों की मिलीभगत से होता है। मसलन, सत्य निकेतन की घटना में सवाल उठे हैं कि क्या वह इमारत उतनी संख्या में छात्रों के रहने के लिहाज से निर्मित थी? क्या कॉमर्शियल लॉजिंग के लिए जरूरी इजाजत एवं सुरक्षा मंजूरी ली गई थी? जब लोग रह रहे थे, उसी समय बिल्डिंग के बेसमेंट में निर्माण कार्य कैसे चल रहा था? इसकी किसने अनुमति दी? क्या उस कार्य की निगरानी कोई सरकारी विभाग कर रहा था? ये वो सवाल हैं, जो हर हादसे बाद उठते हैं। मतलब साफ है। पूरी राष्ट्रीय राजधानी अवैध और असुरक्षित निर्माण तथा सुरक्षा नियमों की अनदेखी के साथ चल रहे आवासीय कारोबार का अड्डा बन गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक यहां 2024 में 113 और 2025 में 70 लोगों की जान आग और इमारत ढहने से जुड़े हादसों में गई। हर हादसे के बाद जांच और कार्रवाई की घोषणाएं होती हैं, लेकिन कभी यह जरूरत नहीं महसूस की जाती कि पूरी दिल्ली में आवासीय सर्वेक्षण करवाया जाए और अवैध रिहाइश को रोका जाए। जब तक ऐसा नहीं होता, सब यूं ही चलता रहेगा!

# कमजोर राजनीतिक नेतृत्व से कमजोर यूनाइटेड किंगडम की एकता।

## ब्रिटेन अब ग्रेट-ब्रिटेन नहीं रहा, विघटन की बड़ी आशंका।

संजीव ठाकुर,

सबसे पहले ब्रिटेन के विघटन की आशंकाओं के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण तथ्यात्मक अंतर समझना आवश्यक होगा, ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम एक ही चीज नहीं हैं। ग्रेट ब्रिटेन में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स शामिल हैं, जबकि यूनाइटेड किंगडम में इन तीनों के साथ उत्तरी आयरलैंड भी शामिल है। इसलिए यदि स्कॉटलैंड या वेल्स अलग होते हैं तो ग्रेट ब्रिटेन का वर्तमान राजनीतिक स्वरूप बदल जाएगा। वहीं उत्तरी आयरलैंड के मामले में संवैधानिक प्रक्रिया अलग है और उसका भविष्य आयरलैंड के साथ संभावित एकीकरण के प्रश्न से जुड़ा हुआ है।

ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति को लेकर भी सार्वजनिक विमर्श में कई बार अतिशयोक्ति दिखाई देती है। जिस ब्रिटेन ने कभी दुनिया के विशाल भूभागों पर अपना शासन स्थापित किया था, जिसकी सत्ता के बारे में कहा जाता था कि उसके साम्राज्य में सूर्य कभी अस्त नहीं होता, वही ब्रिटेन आज अपने भीतर की राजनीतिक, आर्थिक और संवैधानिक चुनौतियों से जूझ रहा है। प्रश्न अब केवल ब्रिटेन की आर्थिक सेहत का नहीं है, बल्कि यह भी है कि क्या यूनाइटेड किंगडम आने वाले वर्षों में उसी राजनीतिक स्वरूप में कायम रह पाएगा, जिसमें इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड एक साथ दिखाई देते हैं। सितंबर 2026 में स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड के नेताओं की ओर से संवैधानिक बदलाव और अपने-अपने देशों के भविष्य के अधिकार की बात ने इस प्रश्न को और गंभीर बना दिया है। ताजा आधिकारिक आंकड़े किसी तत्काल आर्थिक पतन की तस्वीर प्रस्तुत नहीं करते। ब्रिटेन के ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स के अनुसार जुलाई 2026 तक के तीन महीनों में वास्तविक G D P में 0.4 प्रतिशत वृद्धि हुई और जुलाई में मासिक G D P भी 0.4 प्रतिशत बढ़ा। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में जुलाई 2026 तक तीन महीनों में G D P 1.3 प्रतिशत अधिक था। अर्थात अर्थव्यवस्था दबाव में अवश्य है, लेकिन उसे ध्वस्त या लगातार सिकुड़ती हुई अर्थव्यवस्था कहना आंकड़ों के अनुरूप नहीं होगा। महंगाई की चुनौती फिर भी गंभीर है। अगस्त 2026 में ब्रिटेन की CPI महंगाई दर 3.1 प्रतिशत रही, जो जुलाई के 2.9 प्रतिशत से अधिक थी। विशेष चिंता परिवहन और ईंधन कीमतों की रही; अगस्त में मोटर ईंधन की कीमतें एक वर्ष पहले की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक थीं। आवास और घरेलू सेवाओं की कीमतों में भी 4.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि ब्रिटिश परिवारों पर जीवन-यापन की लागत का दबाव अभी समाप्त नहीं हुआ है।रोजगार बाजार की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण



है, लेकिन बेरोजगारी चरम पर कहना सही नहीं होगा। सितंबर 2026 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार मई-जुलाई 2026 में 16 वर्ष और उससे अधिक आयु की आबादी के लिए बेरोजगारी दर 4.9 प्रतिशत थी और बेरोजगारों की अनुमानित संख्या लगभग 17.78 लाख थी। जुलाई 2025 से जुलाई 2026 में पे रोल के कर्मचारियों की संख्या 1.01 लाख कम हुई, जबकि अगस्त 2026 की प्रारंभिक संख्या वर्ष-दर-वर्ष 1.45 लाख कम थी। इसका अर्थ यह है कि श्रम बाजार में कमजोरी और रोजगार संबंधी चिंता मौजूद है, पर इसे ऐतिहासिक चरम कहना उपलब्ध आंकड़ों से समर्थित नहीं है। लेकिन ब्रिटेन के सामने सबसे बड़ा प्रश्न शायद अर्थव्यवस्था से अधिक उसका संवैधानिक भविष्य है। स्कॉटलैंड में स्वतंत्रता की मांग कोई नई घटना नहीं है। 2014 में जनमत-संग्रह हो चुका है, जिसमें 55 प्रतिशत मतदाताओं ने यूनाइटेड किंगडम में बने रहने और 45 प्रतिशत ने स्वतंत्रता के पक्ष में मतदान किया था। 2022 में ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि स्कॉटिश संसद अकेले स्वतंत्रता पर जनमत-संग्रह कराने के लिए कानून नहीं बना सकती। इसका अर्थ यह है कि स्वतंत्रता का प्रश्न राजनीतिक रूप से जीवित है, लेकिन उसका संवैधानिक रास्ता सरल नहीं है। 2026 के स्कॉटिश चुनावों ने भी स्वतंत्रता के प्रश्न को समाप्त नहीं किया। स्कॉटिश नेशनल पार्टी ने स्वतंत्रता जनमत-संग्रह के लिए अधिकार प्राप्त करने को अपने राजनीतिक एजेंडे में रखा, लेकिन 7 मई 2026 के चुनाव में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला। इसलिए स्कॉटलैंड की स्वतंत्रता की दिशा में तत्काल संवैधानिक परिवर्तन को निश्चित परिणाम मानना जल्दबाजी होगा।

वेल्स की स्थिति स्कॉटलैंड से अलग है। वहां भी स्वतंत्रता की आवाज मौजूद है और इस मुद्दे को राजनीतिक विमर्श में आगे बढ़ा रही है। लेकिन उपलब्ध जनमत सर्वेक्षणों से यह संकेत नहीं मिलता कि वेल्स में स्वतंत्रता के पक्ष में स्पष्ट बहुमत बन चुका है। जनवरी 2026 के यू गाव सर्वेक्षण में 26 प्रतिशत वेल्श वयस्कों ने स्वतंत्रता के पक्ष में और 54 प्रतिशत ने विरोध में मतदान करने की बात कही थी। इसका अर्थ है कि वेल्स में संवैधानिक असंतोष और स्वतंत्रता की बहस जरूर बढ़ रही है, लेकिन स्वतंत्रता के लिए स्पष्ट जनसमर्थन अभी स्थापित नहीं हुआ है।

उत्तरी आयरलैंड का मामला सबसे अलग और संवेदनशील है। 1998 के नॉर्दर्न आयरलैंड एक्ट के अंतर्गत वहां की संवैधानिक स्थिति सहमति के सिद्धांत पर आधारित है। यदि उत्तरी आयरलैंड की जनता की बहुमत इच्छा यूनाइटेड किंगडम से अलग होकर एकीकृत आयरलैंड का हिस्सा बनने की हो, तो निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया के तहत जनमत-संग्रह कराया जा सकता है। इसलिए उत्तरी आयरलैंड का प्रश्न केवल ब्रिटेन से अलग होने का नहीं, बल्कि ब्रिटेन और आयरलैंड के बीच संवैधानिक संबंध के पुनर्गठन का प्रश्न है।

यही कारण है कि आज ब्रिटेन के सामने एक विचित्र ऐतिहासिक परिस्थिति दिखाई देती है। कभी ब्रिटेन ने दूसरे देशों की राजनीतिक सीमाओं को प्रभावित किया था, लेकिन अब उसकी अपनी सीमाओं और संघीय संरचना पर बहस तेज हो रही है। स्कॉटलैंड अपने राजनीतिक अधिकारों और यूरोपीय संबंधों को लेकर अलग दृष्टिकोण रखता है। वेल्स में भी अधिक स्वायत्तता और संवैधानिक विकल्पों पर चर्चा बढ़ रही है। उत्तरी आयरलैंड में आयरलैंड के साथ संभावित एकीकरण का प्रश्न समय-समय पर राजनीतिक विमर्श में लौटता रहता है। सितंबर 2026 में इन तीनों क्षेत्रों के नेताओं की संयुक्त संवैधानिक पहल इस बदलते राजनीतिक वातावरण का नया संकेत है। फिर भी यह कहना कि ब्रिटेन का विखंडन अब निश्चित है, इतिहास और वर्तमान राजनीति दोनों के साथ न्याय नहीं होगा। किसी संघ का टूटना केवल आर्थिक कठिनाइयों से तय नहीं होता। उसके लिए जनमत, राजनीतिक नेतृत्व, संवैधानिक प्रक्रिया, आर्थिक व्यवहार्यता, मुद्रा, सीमा, रक्षा, व्यापार, सार्वजनिक ऋण, सामाजिक सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंध जैसे अनेक प्रश्नों का समाधान आवश्यक होता है। स्कॉटलैंड के लिए स्वतंत्र देश बनने की स्थिति में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच व्यापार तथा साझा संस्थाओं का भविष्य क्या होगा, यह अपने आप में एक जटिल प्रश्न होगा। वेल्स के लिए भी यही बात लागू होती है। उत्तरी आयरलैंड के मामले में तो ब्रिटेन और आयरलैंड दोनों की संवैधानिक व्यवस्थाएं सीधे जुड़ जाती हैं। ब्रिटेन के सामने इसलिए दो समानांतर चुनौतियां हैं आर्थिक पुनरुत्थान और राजनीतिक संघ को बनाए रखने की चुनौती।

## सेवा संकल्प अभियान : सेवा - योगदान से सामाजिक सरोकार

सेवा संकल्प अभियान

डॉ. ओम डहरिया

किसी गरीब मां के लिए वह क्षण कितना बड़ा होता होगा, जब उसके घर के चूल्हे पर धुएं के बजाय गैस की नीली लौ जलती है। किसी पिता के लिए वह कितनी बड़ी राहत होगी, जब उसे यह चिंता न हो कि आज बच्चों के लिए भोजन कहां से आएगा। बस्तर के किसी दूरस्थ गांव में रहने वाले जनजातीय परिवार के लिए वह कितनी बड़ी खुशी होगी, जब कठिन रास्तों को पार कर राशन उसके गांव तक पहुंचता है। वास्तव में सेवा का अर्थ इन्हीं छोटे-छोटे लेकिन अनमोल क्षणों में दिखाई देता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने का अवसर हमें इसी व्यापक अर्थ में सेवा को देखने का अवसर देता है। यह यात्रा केवल पद और दायित्व की यात्रा नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के संकल्प की यात्रा भी रही है। 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से हम प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ-साथ यह संकल्प भी लें कि विकसित भारत के निर्माण में हमारा अपना योगदान क्या होगा।

सेवा का भाव किसी एक व्यक्ति या संस्था तक सीमित नहीं होता। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है, किसी जरूरतमंद की मदद करता है, स्वच्छता के लिए श्रमदान करता है, नदी या घाट की सफाई में अपना समय देता है अथवा अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है, तब राष्ट्र निर्माण की एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण ईंट रखी जाती है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को इसी जनभागीदारी से जोड़ा। स्वच्छ भारत अभियान ने यह संदेश घर-घर तक पहुंचाया कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मी या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इसी तरह गंगा और देश की अन्य नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसे प्रयासों ने नदी, घाट और पर्यावरण को लेकर समाज की भागीदारी को व्यापक बनाया। सेवा का यह स्वरूप हमें बताता है कि राष्ट्र के प्रति प्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हमारे कर्मों में दिखाई देना चाहिए।

# विशेष लेख : सेवा संकल्प अभियानः दूरियां घटीं, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ीः मोबाइल

शशिरत्न पाराशर

धमतरी की मोबाइल मेडिकल यूनिटों ने रचा जनसेवा का नया अध्यायस्वस्थ समाज ही सशक्त और विकसित जिले की आधारशिला है। इसी सोच के साथ धमतरी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नागरिकों के और अधिक करीब ले जाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) स्वास्थ्य सेवाओं को अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की सीमाओं से आगे ले जाकर उन बस्तियों और क्षेत्रों तक पहुंचा रही हैं, जहां लोगों के लिए स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचना हमेशा सहज नहीं होता।

धमतरी जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिटों का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद से इन मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं ने जिले के विभिन्न शहरी, ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा की पहुंच को मजबूत किया है। अब तक मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से 4 लाख 66 हजार 744 मरीजों का उपचार, 1 लाख 19 हजार 370 पैथोलॉजी जांच और 4 लाख 12 हजार 116 दवाइयों का वितरण किया जा चुका है। इस दौरान जिले में 5 हजार 839 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं।

स्वास्थ्य सुविधा अब दूरी की मोहताज नहीं

शासन , प्रशासन की प्राथमिकता रही है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों को समय पर और सहज रूप से मिले। मोबाइल मेडिकल यूनिट इसी उद्देश्य को धरातल पर साकार करने का प्रभावी माध्यम बनी हैं। निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचने वाली इन यूनिटों में चिकित्सा दल द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक पैथोलॉजी जांच और उपचार के साथ दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं।

इससे विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लंबी दूरी तय कर स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने की आवश्यकता कम हुई है। स्वास्थ्य सुविधा को नागरिकों तक पहुंचाने की यह अवधारणा जन-केंद्रित प्रशासन की भावना को मजबूत करती है।

चार मोबाइल मेडिकल यूनिटों से जिले में व्यापक कवरेज

धमतरी जिले में कुल चार मोबाइल मेडिकल यूनिट अलग-अलग क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान कर रही हैं। एमएमयू -1 और एमएमयू -2 के माध्यम से निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। एमएमयू -3 कुरुद-मगरलोड क्षेत्र तथा एमएमयू -4 नगरी-आमदी-भखारा क्षेत्र में संचालित है।

इन यूनिटों के माध्यम से अलग-अलग बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर नागरिकों को उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की यह नियमित पहुंच बीमारी की पहचान और उपचार के साथ-साथ लोगों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत विकसित करने में भी सहायक बन रही है। धमतरी की मोबाइल मेडिकल यूनिटों ने रचा जनसेवा का नया अध्याय

उपचार के साथ स्वास्थ्य जागरूकता पर भी जोर

मोबाइल मेडिकल यूनिटों का उद्देश्य केवल मरीजों को दवा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है। शिविरों में नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करने और चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व की जानकारी दी जा रही है। इससे सामान्य एवं मौसमी बीमारियों के प्रति सजगता बढ़ने के साथ नागरिकों में निवारक स्वास्थ्य देखभाल को लेकर जागरूकता का विस्तार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता लोगों के लिए भरोसे का माध्यम भी बन रही है।

मैदानी समन्वय से सेवाओं में निरंतरता

मोबाइल मेडिकल यूनिटों के सुचारू संचालन में भव्या हेल्थ सर्विसेज प्रा. लि. की प्रबंधन एवं फील्ड टीम द्वारा आवश्यक समन्वय और मैदानी सहयोग किया जा रहा है। मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, शिविर आयोजन, आवश्यक संसाधनों तथा विभिन्न मैदानी गतिविधियों के बीच समन्वय से निर्धारित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में सहायता मिल रही है।

आंकड़े बताते हैं सेवा की व्यापक पहुंच

4,66,744 उपचारित मरीज, 1,19,370 पैथोलॉजी जांच, 4,12,116 दवाइयों का वितरण और 5,839 स्वास्थ्य शिविर—ये आंकड़े केवल उपलब्धियों का विवरण नहीं हैं, बल्कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती पहुंच और नागरिकों के साथ मजबूत होते स्वास्थ्य तंत्र का परिचायक हैं।

उल्लेखनीय है कि मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से छत्तीसगढ़ को कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें एटीएम हेल्थ मशीन की सुविधा है , जिसके माध्यम से पचास से अधिक तरह के टेस्ट किए जाते है एवं मौके पर ही टेस्ट रिपोर्ट देने की सुविधा है । इन यूनिट्स के माध्यम से वंचित आबादी को मुफ्त दवा सहित घर पर प्राथमिक चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है ।

हर यूनिट में डॉक्टर्स, नर्स, लैबटेक्निशियन के साथ बुनियादी स्वास्थ्य उपकरणों की सुविधा उपलब्ध है । ये यूनिट सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली के साथ मिलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में योगदान देंगे। राज्य शासन इस पहल का मूल उद्देश्य स्पष्ट है—स्वास्थ्य सुविधा नागरिकों तक पहुंचे, नागरिकों को सुविधा तक पहुंचने के लिए अनावश्यक दूरी न तय करनी पड़े। मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से धमतरी जिले में इसी जनकल्याणकारी सोच को निरंतर विस्तार दिया जा रहा है। उपचार, जांच, दवा और जागरूकता को एक साथ लेकर चलने वाली यह व्यवस्था ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, संवेदनशील और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई है।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अगर आप एक स्टूडेंट हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी यह है कि आज आपको करियर से रिलेटेड कोई शुभ सूचना मिल सकती है। कॉलेज में आपकी एक्टिविटी से आपके दोस्त खुश होंगे।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है, आप जिस भी काम को करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ दिलाने वाला है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज का दिन आपके फेवर में रहने से आपको खुशी होगी, जिस काम का रिजल्ट मिलने में देर हो रही थी उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी होगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस हैं।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं, यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके खुशी मिलेगी, साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे। आज आप किसी महत्वपूर्ण काम के लिए किसी की मदद मांगेंगे, आपको मदद भी मिलेगी, जिससे आपका काम बन जाएगा।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा, आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।

मीन राशि:मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज किसी काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी, शाम को किसी रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जा सकते हैं।

# सूखा खेतों में है, सवाल व्यवस्था की जड़ों में

## [ जब धरती प्यासी हो, तब फाइलें नहीं — पानी चाहिए ]

## [ 1972 का सूखा इतिहास, 2026 का व्यवस्था की नाकामी ]

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

महाराष्ट्र में इस बार सूखे ने सिर्फ खेत नहीं सुखाए, व्यवस्था की तैयारी भी उजागर कर दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लातूर, धाराशिव और सोलापुर के हालात को 1972 के सूखे से भी गंभीर/भयावह बताया है। 1972 महाराष्ट्र के लिए सिर्फ सूखे का साल नहीं, एक बड़ी त्रासदी था। तब पानी नहीं था; आज पानी के साथ सर्वेक्षण, पंचनामे, समितियाँ, जीआर (शासन निर्णय) और घोषणाएँ भी हैं। फिर भी किसान की जरूरत वही है—पानी और राहत। तब वह आसमान देखता था, आज आसमान के साथ सरकार की ओर भी देखता है। सवाल अब सूखा पहचानने का नहीं, यह है कि कार्रवाई पानी की तरह खेत तक पहुँचेगी या फाइल की तरह वहीं सूख जाएगी।सोलापुर से लातूर और धाराशिव तक खेतों की हालत सरकारी आँकड़ों से कहीं ज्यादा भयावह है। फसलें सूख चुकी हैं, कुएँ जवाब दे चुके हैं और किसान की उम्मीद अब मौसम की भविष्यवाणी पर टिकी है। लातूर और धाराशिव में सामान्य से करीब आधी बारिश हुई और सोयाबीन जैसी फसलों को भारी नुकसान हुआ। किसान के लिए यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं—बीज, खाद, मजदूरी, कर्ज और परिवार की उम्मीद, सब दाँव पर हैं। विडंबना यह है कि खेत में पानी नहीं, लेकिन सरकारी शब्दावली में भरपूर पानी है—सर्वेक्षण, पंचनामा, मदद, व्यवस्था और समीक्षा। किसान का सीधा सवाल है—इनमें से कौन-सा शब्द उसके सूखे कुएँ में पानी उतारेगा? विकास ने पानी को पीछे छोड़ दिया—यही 1972 और आज के सूखे का सबसे बड़ा अंतर है। तब उपग्रह, डिजिटल रिकॉर्ड, मौसम अलर्ट और आधुनिक जल-संरक्षण तकनीकें नहीं थीं; आज ये सब हमारे पास हैं। फिर भी मोबाइल पर बारिश की चेतावनी पहुँचती है, खेत में पानी नहीं। ड्रिप सिंचाई और जल-संरक्षण की तकनीकें मौजूद हैं, लेकिन सूखे खेत अब भी किसान की नियति बने हुए हैं। शहरों में स्मार्ट सुविधाएँ बढ़ रही हैं और गाँव में पानी का घड़ा भारी होता जा रहा है। हमने सूचना को डिजिटल कर लिया, पानी की व्यवस्था को नहीं। प्रकृति ने इस बार कम पानी दिया है, लेकिन सवाल व्यवस्था से है—जो पानी मिला, उसे हमने कितनी दूरदृष्टि से बचाया और बाँटा?

किसान के हिस्से में जोखिम आता है, राहत नहीं। मौसम की मार वह झेलता है, बाजार का उतार-चढ़ाव सहता है, कर्ज चुकाता है और फसल सूखने पर सरकारी प्रक्रिया के चक्कर भी काटता है। बीज उसका, मेहनत उसकी, नुकसान उसका—अब राहत की प्रतीक्षा भी वही करे। फडणवीस ने प्रभावित किसानों को सहायता का भरोसा दिया है और सरकार दुष्काल संबंधी निर्णय व राहत प्रक्रिया आगे बढ़ाने की बात कह रही है। अब कसौटी घोषणा नहीं, उसका खेत तक पहुँचना है—कितनी जल्दी, कितनी पारदर्शिता से और कितने परिवारों तक। किसान को अपनी पीड़ा पर सरकारी मुहर नहीं, उसके साथ मदद चाहिए। भूख को प्रमाणपत्र नहीं, भोजन चाहिए; प्यास को अधिसूचना नहीं, पानी।हमारी जल-व्यवस्था की आदत अजीब है—पानी रहते उसकी चिंता नहीं और संकट आते ही पानी-पानी। बारिश अधिक हुई तो बाढ़, कम हुई तो सूखा; दोनों के बीच तैयारी कहीं दिखाई नहीं देती। तालाबों का पुनर्जीवन, भूजल पुनर्भरण, नदियों का संरक्षण, जलागम विकास, सिंचाई दक्षता और फसल-पद्धति बदलने की बातें वर्षों से हो रही हैं, पर जमीन पर उनका हिसाब अब भी बाकी है। हर सूखे के बाद वही सवाल लौटता है—पानी गया कहाँ? सच यह है कि पानी जितना आसमान ने नहीं रोका, उससे अधिक हमने उसे रोकने, बचाने और बाँटने की व्यवस्था को प्राथमिकता नहीं दी। सूखा आधा मौसम की देन है, आधा हमारी नीतियों का परिणाम।प्रकृति को कटघरे में खड़ा करना आसान है, अपनी जल-व्यवस्था को नहीं। जलवायु परिवर्तन से तापमान बढ़ा है, बारिश का मिजाज बदला है और लंबे सूखे ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मुश्किल बढ़ाई है। लेकिन हर संकट का दोष प्रकृति पर डाल देना भी सुविधाजनक है। हमने तालाबों को उपेक्षित किया, नदियों पर दबाव बढ़ाया, भूजल खींचा और पानी बहाया; फिर बादलों से शिकायत की कि वे बरसे क्यों नहीं। सूखा केवल बारिश की कमी नहीं, हमारी जल-बुद्धि की परीक्षा है। जहाँ पानी की योजना संकट तक सीमित हो, वहाँ सूखा प्राकृतिक आपदा से आगे प्रशासनिक चुनौती बन जाता है। इसलिए राहत के साथ हिसाब भी जरूरी है—कितना पानी आया, कितना बचा और कितना हमारी लापरवाही में बह गया?

## 3 साल से फरार बर्खास्त एआईजी राजजीत ने पटियाला में किया सरेंडर, ड्रग तस्करी और आय से अधिक संपत्ति के कई मामले हैं दर्ज

चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब के बर्खास्त एआईजी राजजीत सिंह ने पटियाला पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। बर्खास्त एआईजी के सरेंडर करते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वह करीब 3 साल से फरार था।

राजजीत सिंह के खिलाफ वर्ष 2019 में ड्रग तस्करी, जबरन वसूली और आय से अधिक संपत्ति से जुड़े मामले दर्ज किए गए थे। इसके बाद से पुलिस को उसकी तलाश थी।

राजजीत सिंह को अप्रैल 2023 में सेवा से बर्खास्त किया गया था। इसके बाद से वह अंडरग्राउंड हो गया। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से गठित एसआईटी की जांच में उसका नाम बर्खास्त इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह से जुड़े कथित ड्रग तस्करी और वसूली नेटवर्क में सामने आया था।

इसके बाद विजिलेंस ब्यूरो और स्पेशल टास्क फोर्स ने उसके खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए। हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद वह फरार हो गया था।

जांच रिपोर्टों में राजजीत सिंह पर ड्रग तस्करों को कथित संरक्षण देने, निर्दोष लोगों को ड्रग मामलों में फंसाने और उनसे वसूली करने जैसे आरोप लगाए गए थे। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति से जुड़ा मामला भी दर्ज किया गया था। हाईकोर्ट के रिकॉर्ड में इन आरोपों को जांच के दौरान सामने आए आरोपों के रूप में दर्ज किया गया है।

## सिरसा में मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, मोटरसाइकिल सवार समेत 5 की मौत; करीब 30 मजदूर घायल

सिरसा, (आरएनएस)। हरियाणा के सिरसा में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 30 मजदूर घायल हो गए। हादसा गांव मल्लेका के पास सुबह करीब 8:30 बजे हुआ। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के मुताबिक, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ऑटू हेड से नरमा चुनाई के लिए मजदूरों को लेकर पंजाब हेड की ओर जा रही थी। इसी दौरान सिरसा की तरफ से आ रहे एक ट्राले से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार मजदूर सड़क पर जा गिरे।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की ट्रॉली में करीब 30 मजदूर सवार थे। हादसे में दो महिला मजदूरों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 30 मजदूर घायल हो गए।

इसी दौरान मल्लेका की ओर से ऐलनाबाद की तरफ जा रहा एक मोटरसाइकिल सवार भी ट्राले की चपेट में आ गया। ट्राला पलटने से बाइक सवार उसके नीचे दब गया और उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। इस तरह हादसे में कुल पांच लोगों की मौत की सूचना है।

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में फंसे और सड़क पर गिरे मजदूरों को बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए सिरसा ले जाया गया।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ हादसे की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।हादसे के बाद सड़क पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने यातायात को व्यवस्थित कराया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

## जमुई के बाद समस्तीपुर में युवती से सरेराह अभद्रता का वीडियो वायरल, 4 युवक हिरासत में; जांच में जुटी पुलिस

समस्तीपुर, (आरएनएस)। जमुई में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि समस्तीपुर में युवती के साथ कथित अभद्रता का वीडियो सामने आने से हड़कंप मच गया। कर्पूरीग्राम थाना क्षेत्र के जगतसिंहपुर गांव स्थित बांध बाईपास रोड पर फोटो खिंचवाने के लिए रुकी एक युवती को कुछ युवकों द्वारा कथित तौर पर घेरने और उसके साथ बदसलूकी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि युवती एक युवक के साथ बांध बाईपास रोड से गुजर रही थी। दोनों सड़क किनारे रुककर फोटो ले रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और युवती को कथित तौर पर घेर लिया। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया।

वायरल वीडियो में कुछ युवक युवती से उसका नाम और पता पूछते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में युवती के साथ कथित तौर पर गलत तरीके से छूने और उसे सड़क पर खींचने की हरकत भी दिखाई दे रही है। घटना के दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया, जो बुधवार देर शाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वीडियो सामने आने के बाद समस्तीपुर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस के मुताबिक, वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों की पहचान की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

पुलिस की शुरुआती जांच में कर्पूरीग्राम थाना क्षेत्र के जगतसिंहपुर गांव निवासी विकास शर्मा और राहुल कुमार के नाम सामने आए हैं। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के अनुसार, अब तक दो युवकों की पहचान की गई है। अन्य आरोपितों की पहचान और घटना में उनकी कथित संलिप्तता की जांच जारी है।

बताया गया है कि विकास शर्मा के खिलाफ शराब से जुड़े कई मामले पहले से दर्ज हैं। हालांकि, इस मामले में उसकी भूमिका और वायरल वीडियो की पूरी सत्यता की पुलिस जांच कर रही है।

समस्तीपुर एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो की तत्काल जांच करने, उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान करने और घटना में शामिल पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि घटना में कुल कितने लोग शामिल थे और युवती के साथ वास्तव में क्या हुआ था।

# भाजपा ने 24 संगठन मंत्रियों को राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी, पवन राणा को दिल्ली-हरियाणा और धर्मपाल को यूपी का प्रभार

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए देशभर के विभिन्न राज्यों और संगठनात्मक इकाइयों के लिए 24 संगठन मंत्रियों एवं पदाधिकारियों की नई जिम्मेदारियों का ऐलान किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की ओर से जारी सूची में कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी, सह-प्रभारी और संगठनात्मक दायित्व तय किए गए हैं। नई नियुक्तियों के तहत पवन राणा को दिल्ली और हरियाणा की संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि धर्मपाल को उत्तर प्रदेश का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है।पार्टी ने शिवप्रकाश को राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) के रूप में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा की जिम्मेदारी दी है। वहीं सौदान सिंह को बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल का दायित्व सौंपा गया है। वी. सतीश को



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा तथा संसदीय कार्यालय से जुड़े संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। राजेंद्र को संगठन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से जुड़े कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

महाराष्ट्र में अजय जामवाल को प्रदेश महामंत्री (संगठन) बनाया गया है और उनका केंद्र मुंबई रहेगा। सतीश धोंड को महाराष्ट्र के साथ चार राज्यों में जनजातीय संपर्क का दायित्व दिया गया हैमधुकर को आंध्र प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है और उनका केंद्र हैदराबाद रहेगा, जबकि दराशय को तेलंगाना का संगठनात्मक दायित्व सौंपा गया है। रविंद्र राजू को असम, त्रिपुरा और कार्यालय निर्माण से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी मिली है। भीखुभाई दलसानिया को बिहार का संगठन मंत्री बनाया गया है और उनका केंद्र पटना रहेगा। पवन साई को झारखंड का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सिद्धार्थ को हिमाचल प्रदेश (केंद्र-शिमला), रत्नाकर को गुजरात, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव, अरुण बिन्नाडा को गुजरात और फणीन्द्रनाथ शर्मा को उत्तराखंड की संगठनात्मक जिम्मेदारी दी गई है।



राजस्थान के अजमेर में किशनगढ़ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अव्यान्ना एविएशन एकेडमी का पाइपर आर्चर ट्रेनर एयरक्राफ्ट। ट्रेनिंग फ़्लाइट के दौरान एयरक्राफ्ट के टायर में खराबी आ गई थी और इमरजेंसी लैंडिंग से पहले फ़्यूल लोड कम करने के लिए यह तीन घंटे से ज़्यादा समय तक हवा में रहा।

## एसआईआर विवाद पर प्रियंका गांधी का हमला, बोलीं- 'चुनाव प्रक्रिया से छेड़छाड़ देश से गद्दारी'



वायनाड, (आरएनएस)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच जारी विवाद के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला है। वायनाड में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति देश की लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के साथ छेड़छाड़ करता है, तो यह देश के साथ गद्दारी के समान है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मतदाता सूची में कथित हेरफेर और बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने का मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि किसी चुनाव आयुक्त पर गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल होने के आरोप हैं, तो उन्हें कानूनी सुरक्षा क्यों मिलनी चाहिए। '13 करोड़ नाम हटाना लोकतंत्र के खिलाफ'

प्रियंका गांधी ने एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने को लेकर चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि करीब 13 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं और इसे लोकतंत्र, संविधान और देश के खिलाफ आपराधिक कृत्य बताया। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों में 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए गए हैं। हालांकि, चुनाव आयोग की प्रक्रिया में ऐसे नामों के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कराने तथा वैध पाए जाने पर नाम बहाल करने का प्रावधान है।

चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों का भी मुद्दा उठाया

कांग्रेस सांसद ने चुनाव आयोग के भीतर कथित मतभेदों का भी हवाला दिया। उनका कहना था कि यदि चुनाव आयोग के अधिकारियों को किसी कथित गड़बड़ी की जानकारी थी और उन्होंने उसे होने दिया, तो इसकी जांच होनी चाहिए।

## पंजाब में ईडी की कार्रवाई पर हाईकोर्ट सख्त, निगरानी के लिए वारंट अधिकारी नियुक्त; आधी रात तक चली सुनवाई

चंडीगढ़, (आरएनएस)। पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से की जा रही तलाशी और जब्ती की कार्रवाई को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार देर रात विशेष सुनवाई की। जस्टिस संजय वशिष्ठ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक वरिष्ठ रैंक के वारंट अधिकारी की नियुक्ति कर ईडी की तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की निगरानी के आदेश दिए।

अदालत ने वारंट अधिकारी को कार्रवाई वाली जगह का किसी भी समय निरीक्षण करने और गुरुवार दोपहर 2 बजे तक स्थिति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई देर रात शुरू हुई और रात 1 बजे के बाद तक जारी रही।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि पंजाब में ईडी की ओर से तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। अदालत को यह भी जानकारी दी गई कि पंजाब सरकार के वरिष्ठ स्तर के कुछ अधिकारियों को कथित तौर पर हिरासत में लिया गया है। सुनवाई के दौरान यह दलील भी दी गई कि संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

अदालत को यह भी बताया गया कि इस घटनाक्रम के कारण पंजाब की पूरी सरकारी मशीनरी के ठप होने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। इन दलीलों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने मामले की निगरानी के लिए वारंट अधिकारी नियुक्त करने का फैसला किया। हाईकोर्ट ने वारंट अधिकारी को तलाशी और जब्ती की कार्रवाई वाली जगह पर जाने के लिए अधिकृत किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि वारंट अधिकारी किसी भी समय मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण कर सकते हैं।

## दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार कार ट्रेलर में घुसी, 4 की मौत; मंत्री दीपिका पांडे सिंह की बेटी भी मृतकों में शामिल



जमशेदपुर, (आरएनएस)। झारखंड के जमशेदपुर में गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। सोनारी थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव पर तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े खराब ट्रेलर के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रेलर के पिछले हिस्से में बुरी तरह फंस गई और उसके परखच्चे उड़ गए। मृतकों में झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडे सिंह की बेटी तृषा सिंह भी शामिल हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी सीसीआर मनोज ठाकुर, सोनारी थाना प्रभारी संजय सुमन समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गैस कटर की मदद से कार को काटकर चारों शवों को बाहर निकाला गया। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सार्थक अग्रवाल, नमन गुप्ता, वंशिका खंडेलवाल और तृषा सिंह के रूप में हुई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

अनुमंडल पदाधिकारी अर्णव मिश्रा के अनुसार, संबंधित ट्रेलर बुधवार रात करीब 10 बजे खराब होने के बाद सड़क पर खड़ा था। गुरुवार तड़के करीब 3 बजे तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और अंधेरे के कारण सड़क पर खड़े ट्रेलर का समय पर दिखाई नहीं देना हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस दुर्घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। प्रशासन यह भी पता लगा रहा है कि खराब ट्रेलर के पीछे जरूरी चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर या अन्य सुरक्षा व्यवस्था मौजूद थी या नहीं।

चार लोगों की मौत की खबर फैलते ही इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई। हादसे में शामिल वाहन और सड़क पर खड़े ट्रेलर की स्थिति की भी जांच की जा रही है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मंत्री दीपिका पांडे सिंह की बेटी तृषा सिंह समेत अन्य मृतकों के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि संतान को खोने का दुख किसी भी माता-पिता और परिवार के लिए असहनीय होता है।

मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति और परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति मिलने की कामना की।

## साहिल वाकोडे मौत मामला : आईआईटी बॉम्बे ने मांगी माफी, कहा-जांच से पहले बयान देना गलत



मुंबई, (आरएनएस)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की मौत के मामले में संस्थान ने अपने पहले बयान को लेकर माफी मांगी है। आईआईटी बॉम्बे ने कहा है कि 21 सितंबर की पिछली पोस्ट को फिर से शेयर कर रहे हैं और उसमें कही गई बातों के लिए माफी मांगते हैं। संस्थान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, साहिल की दुर्भाग्यपूर्ण मौत से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में हमारे पिछले संदेश में कही गई बातों के लिए हम माफी मांगते हैं। इस घटना से जुड़ी जानकारी और हालात अभी भी संबंधित अधिकारियों की जांच के दायरे में हैं। चल रही जांच को देखते हुए, उनकी मौत से पहले की घटनाओं के बारे में जानकारी देना या उनके बारे में कोई राय बनाना सही नहीं था, क्योंकि ये बातें अभी तक सही जांच प्रक्रिया के जरिए साबित नहीं हुई थीं। बीटेक दूसरे वर्ष के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या के बाद पिछले कई दिनों से छात्र संगठनों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था और संस्थान विवादों में घिरा हुआ था। इस बीच बुधवार को खबर आई कि आईआईटी बॉम्बे में रेगुलर क्लासेज फिर से शुरू हो गई हैं और कैंपस में अब कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, आईआईटी बॉम्बे के कैंपस में 12,000 से ज्यादा छात्र और 700 से ज्यादा फैकल्टी सदस्य हैं। फिलहाल कैंपस के अंदर स्थिति सामान्य है।

वहीं, इस मामले की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है। मंगलवार को क्राइम ब्रांच ने साहिल के माता-पिता का बयान दर्ज किया था। अधिकारियों ने बताया कि उनसे और जानकारी लेने के लिए दोबारा पूछताछ की जाएगी।

एक अधिकारी ने बताया कि साहिल के पास आईफोन था और वह लॉक है। उसे खोलने के लिए टेक्निकल हेल्प ली जा रही है। फोन खुलने के बाद ही चैट, जीपीटी हिस्ट्री जैसी जानकारियां मिल पाएंगी, ताकि किए गए दावों की जांच की जा सके।

पुलिस ने यह भी बताया कि आईआईटी बॉम्बे में एससी-एसटी सेल और स्टूडेंट काउंसलिंग सेंटर मौजूद हैं। पुलिस इन दोनों जगहों पर पत्र देकर पूछेगी कि क्या साहिल ने कभी वहां कोई शिकायत की थी या उसकी काउंसलिंग हुई थी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर मुकेश सहनी बोले-एक खून माफ होता तो ज्ञानेश कुमार को गोली मार देते

पटना,(आरएनएस)। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी का मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। मुकेश सहनी ने कहा कि अगर मुझे एक खून माफ होता तो ज्ञानेश कुमार को गोली मार देता। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुकेश सहनी ने कहा, देश के कर्ताधर्ता प्रधानमंत्री यही करवा रहे हैं। लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को कुचला जा रहा है। देश के 140 करोड़ लोगों की आंख में पट्टी बांधकर धकेला जा रहा है। चुनाव किसी नेता के लिए नहीं होता है। चुनाव देश की जनता के लिए होता है। जनता को पावर है कि अगर नेता सही से काम न करे तो कुर्सी से हटा दो। मुकेश सहनी ने कहा, बंगाल में सेना को खड़ा करके और 27 लाख वोट काटकर सरकार बनाई गई है। बिहार चुनाव में 10-10 हजार रुपए खाते में डालकर चुनाव को अपने पक्ष में कर लिया गया। चुनाव आयोग भाजपा का आयोग बन चुका है। ज्ञानेश कुमार से मेरा कहना है कि समय हर दिन एक जैसा नहीं होता। उनको थोड़ी शर्म करनी चाहिए कि देश के संविधान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अगर हमको एक खून माफ होता तो सबसे पहले ज्ञानेश कुमार को गोली मार देते लेकिन क्या किया जाए हम संविधान को मानने वाले लोग हैं। मुकेश सहनी ने कहा, आने वाले समय में ये (ज्ञानेश कुमार) छूटेंगे नहीं।



# शी जिनपिंग के स्वागत में बिछा 100 फीट लंबा लाल कालीन और सैन्य फ्लाईओवर, ट्रंप ने किया भव्य स्वागत

वाशिंगटन, (आरएनएस)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुधवार शाम अमेरिका पहुंचे, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर उनका भव्य स्वागत किया। चीनी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए विशेष सैन्य और राजकीय तैयारियां की गई थीं। उनके सम्मान में 100 फीट लंबा लाल कालीन बिछाया गया और अमेरिकी वायुसेना के दो बी-1 बमवर्षक विमानों ने हवाई सलामी देते हुए फ्लाईपास्ट किया। शी जिनपिंग अपनी पत्नी पेंग लियुआन के साथ 25 सितंबर तक वाशिंगटन दौरे पर हैं।

शी जिनपिंग के विमान की सीढ़ियों से लेकर स्वागत स्थल तक 100 फीट लंबा लाल कालीन बिछाया गया था। आमतौर पर अन्य विदेशी अतिथियों के स्वागत के लिए इससे काफी छोटा कालीन बिछाया जाता है। इस बार लाल कालीन की लंबाई स्वागत समारोह का प्रमुख आकर्षण रही।

चीनी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी के विमान से उतरने के दौरान डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया ट्रंप सीढ़ियों के पास खड़े होकर उनका इंतजार कर रहे थे। लाल कालीन के दोनों ओर 21 सम्मान गार्ड तैनात थे। इसके अलावा सलामी बैटरी, अमेरिकी और चीनी झंडे लिए तीन-तीन सदस्यों वाली दो रंगीन टुकड़ियां तथा अमेरिकी वायुसेना का बैंड भी समारोह



में मौजूद था।

अमेरिकी वायुसेना के बैंड ने सबसे पहले खुशनुमा धुन बजाई। इसके बाद अमेरिका और चीन के राष्ट्रगान बजाए गए। स्वागत समारोह में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति भी व्यापक रही। इसमें अमेरिकी सेना की प्रत्येक सैन्य सेवा से तीन-तीन के पांच प्लाटून शामिल किए गए।

शी जिनपिंग के आगमन के दौरान हवाई सलामी भी दी गई। दो बी-1 बमवर्षक विमानों ने स्वागत स्थल के ऊपर से उड़ान भरी। विमानों के गुजरने के दौरान डोनाल्ड ट्रंप उनकी आवाज पर प्रतिक्रिया देते नजर आए, जबकि शी जिनपिंग शांत और सीधे खड़े रहे।स्वागत समारोह समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप, शी जिनपिंग के साथ व्हाइट हाउस के लिए रवाना हुए। यहां ओवल कार्यालय में दोनों नेताओं के बीच बातचीत निर्धारित है। माना जा रहा है कि बैठक में दोनों देशों से जुड़े विभिन्न द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग के सम्मान में विशेष रात्रिभोज का भी आयोजन किया है। इसमें प्रौद्योगिकी उद्योग से जुड़ी प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। इनमें एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेन्सेन हुआंग और स्पेसएक्स के एलन मस्क भी शामिल हैं।शी जिनपिंग के अमेरिका दौरे का समापन शुक्रवार को होगा। दौरा समाप्त होने से पहले दोनों राष्ट्रपति दंपति चाय पर मुलाकात करेंगे। इसके बाद शी जिनपिंग और पेंग लियुआन के राष्ट्रीय अभिलेखागार का दौरा करने का कार्यक्रम है।

## 'पुतिन को अपने नागरिकों को युद्ध में घसीटने न दें..', जेलेंस्की की भारत समेत 47 देशों को चेतावनी



कीव (ए.)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत समेत 47 देशों को चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने दावा किया कि रूस इन देशों के नागरिकों को किसी न किसी तरीके से युद्ध में शामिल कर रहा है। उन्होंने संबंधित देशों की सरकारों से अपने नागरिकों की सुरक्षा करने और उन्हें युद्ध के मोर्चे तक पहुंचने से रोकने की अपील की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस जिन देशों के नागरिकों का इस्तेमाल युद्ध में कर रहा है, उनमें भारत, घाना, नेपाल, ताजिकिस्तान, यमन, केन्या, जिम्बाब्वे, क्यूबा, बेलारूस, सूडान और दक्षिण अफ्रीका समेत कई अन्य देश शामिल हैं। उनके मुताबिक, इन देशों के नागरिक कथित तौर पर 'धोखे और चालों' के जरिए रूस पहुंचे और युद्ध के मैदान में मारे भी जा रहे हैं।जेलेंस्की ने 47 देशों के प्रतिनिधियों को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की देखभाल करें और उन्हें किसी दूसरे मोर्चे पर पहुंचने से रोकें। उन्होंने कहा कि रूस आपके नागरिकों के साथ क्या कर रहा है, यह सभी जानते हैं।

उन्होंने अपील की कि किसी दूसरे देश के युद्ध के मैदान में आपके नागरिकों की जान न जाए।

जेलेंस्की ने कहा कि देशों को रूस को अपने युद्ध के लिए उनके नागरिकों का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। उन्होंने रूस पर युद्ध को लंबा खींचने और विदेशी नागरिकों को संघर्ष में शामिल करने का आरोप लगाते हुए संबंधित देशों से रूस की युद्ध क्षमता और वित्तीय संसाधनों को सीमित करने का आग्रह किया।जेलेंस्की ने अपने संबोधन में भारत का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत समेत 47 देशों के नागरिक रूस के युद्ध में शामिल हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारतीय नागरिकों के रूसी सेना में शामिल होने और कुछ के युद्ध में मारे जाने का मुद्दा भी सामने आया है।

## विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर आठ नौसैनिकों ने किया आत्महत्या का प्रयास

वाशिंगटन(आरएनएस)। अमेरिका के विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन के नेतृत्व वाले कैरियर स्ट्राइक ग्रुप में तैनात आठ नौसैनिकों ने लंबी समुद्री तैनाती के दौरान आत्महत्या का प्रयास किया। यह जानकारी अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने न्यूयॉर्क की सीनेटर क्रिस्टन गिलिब्रैंड को लिखे एक पत्र



में दी है। बढ़ती चिंताओं के बीच पोत पर तैनात नौसैनिकों के कल्याण को लेकर कांग्रेस में सवाल उठाए गए थे, जिसके जवाब में नौसेना ने यह जानकारी साझा की।

काओ के अनुसार, आत्महत्या का प्रयास करने वाले आठ नौसैनिकों में विमानवाहक पोत के चालक दल के सदस्य, वायु शाखा के कर्मचारी, कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के कर्मी, विध्वंसक स्क्वाड्रन के कर्मचारी, साथ चल रहे विध्वंसक पोतों के नौसैनिक और विमानन स्क्वाड्रन के सदस्य शामिल थे।

करीब 5,000 चालक दल के सदस्यों को लेकर चलने वाला यूएसएस अब्राहम लिंकन नवंबर में कैलिफोर्निया से दक्षिण चीन सागर के लिए रवाना हुआ था। बाद में फरवरी में ईरान पर हुए हमलों से पहले इसे मध्य पूर्व भेज दिया गया। विमानवाहक पोत कुल 286 दिन तक समुद्र में तैनात रहा।

इसकी तैनाती मई में समाप्त होने वाली थी, लेकिन इसे कई बार आगे बढ़ाया गया। नौ महीने की तैनाती पूरी करने के बाद अगस्त में यूएसएस अब्राहम लिंकन की जगह यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन को भेजा गया। घर लौटने के दौरान लिंकन थाईलैंड के पटाया में भी रुका था।

## 'हम कभी घुटने नहीं टेकेंगे'...UN में बोले ईरानी राष्ट्रपति- अमेरिका और इजराइल ने मासूमों की जान ली

न्यूयॉर्क(ए.): ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और इजरायल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान को लेकर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि ईरान आतंकवादी नहीं है, बल्कि उसके लोग खुद हमलों का शिकार हुए हैं। पेजेश्कियान ने यह भी कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के अधिकार से पीछे नहीं हटेगा।

### 'हमने आतंक नहीं फैलाया, अपना बचाव किया'

पेजेश्कियान ने अपने भाषण के दौरान ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और मीनाब के एक स्कूल हमले में मारे गए बच्चों की तस्वीरें दिखाईं। उन्होंने कहा कि ईरान ने केवल अपना बचाव किया है और उसके नागरिकों को हमलों का निशाना बनाया गया। उन्होंने अमेरिका और इजरायल पर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने मीनाब के शाजरेह तैय्यबेह स्कूल पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें बड़ी संख्या में बच्चे मारे



गए। संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया जांच के मुताबिक, 28 फरवरी के इस हमले में 156 लोग मारे गए थे, जिनमें 120 बच्चे और 26 शिक्षक शामिल थे। अमेरिका ने हमले में जानबूझकर स्कूल को निशाना बनाने से इनकार किया है।

### परमाणु अधिकार पर भी दिया जोर

ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि जिस समय इजरायल के परमाणु हथियारों को लेकर सवाल नहीं उठाए जाते, उस समय ईरान के परमाणु कार्यक्रम की लगातार जांच की जाती है। उनका कहना था कि ईरान को शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल का अधिकार है और दबाव या प्रतिबंधों के जरिए उसके अधिकारों को खत्म नहीं किया जा सकता।

### फिलिस्तीन का मुद्दा भी उठाया

पेजेश्कियान ने अपने संबोधन में गाजा और फिलिस्तीन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन को नजरअंदाज करके मध्य पूर्व में स्थायी शांति की बात नहीं की जा सकती। उनके मुताबिक, दशकों से संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के बावजूद फिलिस्तीनी क्षेत्रों में हिंसा और कब्जे का मुद्दा बना हुआ है।

### 'दबाव के आगे नहीं झुकेंगे'

पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है, लेकिन दबाव, धमकी और सैन्य ताकत की भाषा स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी दबाव से ईरानी लोगों का रुख नहीं बदलेगा और ईरान अपने अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा।



# व्हाइट ट्रांसपेरेंट साड़ी में मौनी रॉय ने ढाया कहर, बोल्ड अंदाज के साथ दिखी देसी नजाकत



बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में अपनी कातिलाना अदाओं से तहलका मचाने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता के साथ-साथ मौनी अपने बेमिसाल फैशन सेंस और बोल्ड स्टाइल स्टेटमेंट के लिए जानी जाती हैं।

हाल ही में मौनी ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद हॉट और आकर्षक तस्वीरें साझा की हैं, जिन्होंने इंटरनेट पर आते ही आग लगा दी है। इन तस्वीरों में मौनी रॉय ट्रेडिशनल अवतार में नज़र आ रही हैं, लेकिन उनका यह सादगी भरा लुक भी ग्लैमर और हॉटनेस का ऐसा तड़का लगा रहा है कि फैंस अपनी नजरें उनसे हटा नहीं पा रहे हैं।

तस्वीरों में मौनी रॉय ने बेहद खूबसूरत और हल्की सफेद रंग की ट्रांसपेरेंट ऑर्गेंजा साड़ी पहनी हुई है। इस साड़ी की बॉर्डर पर महीन और बारीक थ्रेड एम्ब्रॉयडरी और कट-वर्क का काम किया गया है, जो इसके लुक में रॉयल्टी जोड़ता है।

साड़ी के साथ उन्होंने मैचिंग डीप-नेक और स्लीवलेस ब्लाउज पेयर किया है, जो उनके टोंड फिगर और एब्स को पूरी तरह से फ्लॉन्ट कर रहा है। साड़ी का फ्लोई और ट्रांसपेरेंट फैब्रिक उनके लुक में बोल्डनेस का परफेक्ट एलिमेंट जोड़ रहा है, जो पारंपरिक एथनिक वियर को भी एक मॉडर्न और सेडक्टिव टच दे रहा है।

मौनी ने फेशियल एक्सप्रेशन्स को उभारने के लिए बहुत ही मिनिमल और सॉफ्ट ग्लैम मेकअप का इस्तेमाल किया है। परफेक्टली डिफाइंड आईब्रो, विंग्ड आईलाइनर, मस्कारा कोटेड लैशेज और न्यूड-पिंक लिपस्टिक उनके न्यूट्रल लुक को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं।मौनी ने अपने घने काले बालों को सॉफ्ट कर्ल्स और साइड-पार्टेड वेव्स में खुला छोड़ा है। बालों में पीछे की तरफ लगाया गया ताजे मोगरे के फूलों का गजरा उनके पूरे लुक में एक क्लासिक इंडियन ग्रेस और ताजगी भर रहा है।

उन्होंने गले में कोई हैवी नेकलेस न पहनकर सारा ध्यान अपने स्टेटमेंट इयररिंग्स पर रखा है। मौनी ने भारी पारंपरिक कुंदन और पर्ल वर्क वाले लंबे झुमके पहने हैं, जिन पर पिंक बीड्स का बारीक काम है।

किसी तस्वीर में मौनी सोफे पर बैठकर अपने बालों को सहलाते हुए पोज दे रही हैं, तो किसी तस्वीर में कैमरे से नजरें चुराकर साइड प्रोफाइल फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनके बैठने के अंदाज से लेकर हाथों के मूवमेंट तक, हर एक पोज में गजब की नजाकत और हॉटनेस झलक रही है।

## लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है लौंग का सेवन, ऐसे करें इस्तेमाल



लौंग एक ऐसा मसाला है, जो न केवल खाने का जायका बढ़ाता है, बल्कि कई औषधीय गुणों से भी भरपूर है। आयुर्वेद में लौंग का उपयोग कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। इसमें मौजूद गुणकारी तत्व लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे लौंग का इस्तेमाल लिवर के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### लौंग का तेल कैसे करें इस्तेमाल ?

लौंग का तेल लिवर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व लिवर की सफाई करने में मदद करते हैं। आप इसे अपने खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसकी कुछ बूंदें पानी में मिलाकर पी सकते हैं।इसके अलावा आप लौंग के तेल को भाप के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके सांस लेने की प्रक्रिया की सफाई होगी और लिवर को भी फायदा पहुंचेगा।

### लौंग की चाय का सेवन करें

लौंग की चाय पीने से भी लिवर स्वस्थ रहता है। इसके लिए आपको एक कप पानी में दो-तीन लौंग डालकर उबालना होगा।जब पानी अच्छे से उबल जाए तो उसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर पीएं। यह चाय आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाएगी और शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करेगी।इसके अलावा यह चाय लाभकारी तत्वों से भरपूर होती है, जो आपके लिवर को स्वस्थ रखने में सहायक है।

### खाली पेट लौंग चबाएं

खाली पेट लौंग चबाने से भी बहुत फायदे होते हैं। इसमें मौजूद लाभकारी तत्व आपके शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

सुबह उठते ही 1-2 लौंग चबाने से आपके पाचन तंत्र की सफाई होती है और आपका लिवर स्वस्थ रहता है।इसके अलावा यह आपके शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है। लौंग के नियमित सेवन से आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे और आपकी सेहत भी बेहतर होगी।

### भोजन में शामिल करें

अपने भोजन में लौंग को शामिल करना भी एक अच्छा तरीका हो सकता है। आप इसे सब्जियों, दालों या चावल आदि में डाल सकते हैं। इससे न केवल खाने का स्वाद बढ़ेगा, बल्कि आपके लिवर को भी फायदा पहुंचेगा।लौंग का नियमित सेवन आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाएगा और हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करेगा। इसके अलावा यह आपके शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है।

### आयुर्वेदिक औषधियों में उपयोग

आयुर्वेदिक औषधियों में अक्सर लौंग का उपयोग किया जाता है क्योंकि यह कई प्रकार की बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। चाहे वह पेट दर्द हो या अपच की समस्या, लौंग हर स्थिति में कारगर साबित होती है।

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि कैसे साधारण सी दिखने वाली लौंग हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। इसके नियमित उपयोग से हम न केवल बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि स्वस्थ भी रह सकते हैं।

# घर पर अकेले हैं और हार्ट अटैक जैसा महसूस हो रहा है तो अपनाएं ये तरीके

दिल की बीमारी भारत में एक बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। यह जानना जरूरी है कि हार्ट अटैक (दिल का दौरा) अचानक किसी को भी हो सकता है, खासकर जब आप घर पर अकेले हों। ऐसे समय पर सही कदम उठाना बेहद अहम होता है ताकि आप सही रह सकें। आइए कुछ ऐसे तरीके जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी सुरक्षा कर सकते हैं।

### घबराएं नहीं, शांत रहें

अगर आपको लगता है कि आपको दिल का दौरा पड़ रहा है तो सबसे पहले घबराएं नहीं। शांत रहने की कोशिश करें और गहरी सांस लें। इससे आपका रक्तचाप नियंत्रित रहेगा और आप बेहतर तरीके से सोच पाएंगे। घबराहट से दिल की धड़कन बढ़ सकती है, जो स्थिति को और बिगाड़ सकती है। शांत रहकर आप सही निर्णय ले पाएंगे और जरूरत पड़ने पर जल्दी मदद भी ले सकेंगे।

### डॉक्टर से संपर्क करें

अगर आपको लगता है कि दिल का दौरा पड़ने का खतरा है तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें या एंबुलेंस बुलाएं। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं, जो आपको बिना समय गंवाए डॉक्टर से जोड़ सकते हैं।इसके अलावा आप अपने पास मौजूद आपातकालीन नंबर पर भी कॉल कर सकते हैं। इससे आपको सही दिशा-निर्देश मिलेंगे और आप सही समय पर अस्पताल पहुंच सकेंगे।

### असुविधा के लक्षण पहचानें

दिल का दौरा होने पर सीने में जलन, सांस लेने में कठिनाई, हाथों में दर्द या असुविधा जैसी कई लक्षण हो सकते हैं। इन लक्षणों को पहचानें और अगर ये लगातार 5 मिनट से अधिक समय तक बने रहें तो यह गंभीर संकेत हो सकता है। इस स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें या एंबुलेंस बुलाएं। सही समय पर कदम उठाने से आपकी जान बच सकती है और आपको सही इलाज मिल सकता है।



### खुद से इलाज करने की कोशिश न करें

दिल का दौरा आने पर खुद से इलाज करने की कोशिश न करें। एस्पिरिन या किसी अन्य दवा लेने से पहले डॉक्टर की सलाह लें।

गलत दवा लेने से आपकी स्थिति बिगड़ सकती है। बेहतर होगा कि आप डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाओं का ही सेवन करें और उनकी सलाह पर अमल करें।खुद से इलाज करने की बजाय सही मार्गदर्शन लेना अधिक सुरक्षित होगा। इससे आपकी सेहत में सुधार होगा और आप जल्द ही ठीक हो सकेंगे।

### पहले से रखें तैयारी

अगर आपके परिवार में किसी को पहले से ही दिल की बीमारी है तो पहले से ही तैयारी रखें जैसे कि घर में दवाइयां होना, डॉक्टर के नंबर होना आदि। इसके अलावा अपने दोस्तों या पड़ोसियों को भी इस बारे में जानकारी दें ताकि जरूरत पड़ने पर वे आपकी मदद कर सकें। इस तरह आप दिल के दौरे जैसी गंभीर स्थिति में बेहतर तरीके से तैयार रह सकते हैं और समय रहते मदद पा सकते हैं।

# झीरम घाटी नक्सली हमले में फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील पेश हुई



जगदलपुर, (ए.)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित और चर्चित झीरम घाटी नक्सली हमले के मामले में कानूनी प्रक्रिया एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। जगदलपुर स्थित विशेष एनआईए न्यायालय के न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने मामले में 10 आरोपितों को मृत्युदंड (फांसी की सजा) सुनाए जाने के बाद, अब बचाव पक्ष ने इस फैसले को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अपील पेश कर दी गई है। विशेष एनआईए न्यायालय जगदलपुर में पैरवी कर रहे बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने गुरुवार को जानकारी दी कि उन्होंने मामले के सभी दोषियों के परिजनों से विचार-विमर्श करने के उपरांत बिलासपुर हाईकोर्ट में फैसले के खिलाफ अपील दायर कर दी है। याचिका दाखिल किए जाने के बाद अब बचाव पक्ष को हाईकोर्ट की ओर से आधिकारिक नोटिस जारी होने का इंतजार है। मामले में हाईकोर्ट द्वारा अपील स्वीकार किए जाने और नोटिस जारी होने के बाद आगे की कानूनी बहस और सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। हाल ही में एनआईए की विशेष अदालत ने झीरम घाटी हमले के मामले में सुनवाई पूरी करते हुए 10 आरोपितों को दोषी ठहराया था और अपराध की गंभीरता को देखते हुए उन्हें फांसी की सजा सुनाई थी। एनआईए न्यायालय के इस सख्त फैसले को अब चुनौती देते हुए बचाव पक्ष ने अपील दायर की है। बचाव पक्ष की ओर से उच्च न्यायालय में तर्क प्रस्तुत कर निचली अदालत के फैसले की समीक्षा और राहत की मांग की जाएगी।

## समय सीमा बीतने के बाद भी पूरी नहीं हुई धमतरी-रायपुर ब्रॉडगेज परियोजना, धमतरीवासियों को ट्रेन सेवा का इंतजार

धमतरी, (ए.)। छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक छोटी रेल लाइन को बंद कर धमतरी-रायपुर बड़ी रेल लाइन के निर्माण की शुरुआत के बाद तय समय सीमा बीत जाने के बावजूद परियोजना पूरी नहीं हो सकी है। इसके चलते धमतरीवासियों को अब भी ट्रेन सुविधा का इंतजार है।राजधानी रायपुर सहित अन्य स्थानों तक आवागमन के



लिए लोगों को अधिक किराया खर्च कर बस और अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। नागरिकों ने जल्द से जल्द बड़ी रेल लाइन का काम पूरा कर ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की है, ताकि आवागमन में सुविधा मिल सके। पुराने रायपुर-धमतरी मार्ग से राजधानी की दूरी करीब 67 किलोमीटर और राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से लगभग 75 से 78 किलोमीटर है। सड़क मार्ग से रायपुर पहुंचने में करीब दो घंटे लगते हैं, जबकि बड़ी रेल सेवा शुरू होने पर यह सफर काफी कम समय में पूरा हो सकेगा। इससे धमतरी के साथ बालोद, कांकेर और ओडिशा क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की रायपुर-धमतरी ब्राडगेज परियोजना के लिए शुरुआत में शासन से 544 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी, लेकिन निर्माण में देरी के चलते लागत बढ़कर 880 करोड़ रुपये हो गई।



*(रायपुर) उप मुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड राज्य प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर किया।*

## पेड़ के नीचे बारिश से बच रहा था किसान, आकाशीय बिजली गिरने से मौत

कांकेर, (आरएनएस)। जिले के दुर्गूकोंदल क्षेत्र के ग्राम गुडफेल में आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रामसिंह मंडावी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रामसिंह मंडावी खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान मौसम अचानक बिगड़ गया और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए किसान ने एक पेड़ के नीचे सहारा लिया। इसी दौरान अचानक पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से रामसिंह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना परिजनों और संबंधित अधिकारियों को दी। हादसे से गांव में शोक का माहौल है।

## पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ छेड़छाड़ का आरोपीः बाथरूम का बहाना बनाकर भागा, नाकाबंदी कर तलाश जारी

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के पसान थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत से एक आरोपी के फरार होने का मामला सामने आया है। युवती से छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी बाथरूम जाने का बहाना बनाकर पुलिस को चकमा देकर भाग गया।

फरार आरोपी की पहचान खीरचंद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ युवती से छेड़छाड़ के मामले में धारा 354 के तहत केस दर्ज था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। कोर्ट ने उसके खिलाफ स्थायी वारंट भी जारी किया था।

कटघोरा एसडीओपी विजय राजपूत ने बताया कि खीरचंद धारा 354 के पुराने मामले का स्थायी वारंटी था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान उसके बारे में सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान उसने बाथरूम जाने की बात कही। पुलिसकर्मियों ने उसे बाथरूम जाने दिया। इसी का फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकला।आरोपी के भागने की जानकारी मिलते ही थाने में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी। आरोपी की तलाश में कई जगह दबिश दी जा रही है।पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 265 के तहत भी मामला दर्ज किया है। अब उसके खिलाफ पुराने छेड़छाड़ के मामले के साथ पुलिस हिरासत से फरार होने का नया केस भी दर्ज हो गया है। एसडीओपी विजय राजपूत ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई

### खनिज विभाग ने 4 ट्रैक्टर किए जब्त, वाहन मालिकों पर होगी नियमानुसार कार्रवाई

रायपुर, (आरएनएस)। आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से संचालित सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत पर खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में अवैध रेत परिवहन की शिकायत मिलने पर विभागीय टीम ने जांच करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 4 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया।

कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत प्राप्त होने के बाद विभागीय टीम ने कोलबिर्रा, पथर्रा और मटियाडाड़ क्षेत्र में जांच की। कार्रवाई के दौरान चार ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन में संलिप्त पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया।

जब्त सभी वाहनों को कोटमी चौकी में सुरक्षित रखा गया है। संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर हुई कार्रवाई से नागरिकों की शिकायतों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर उनके निराकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की व्यवस्था भी सामने आती है। डिजिटल सेवा तंत्र के माध्यम से नागरिक शिकायतों और आवेदनों की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

जिले में खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा निगरानी एवं कार्रवाई की प्रक्रिया आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

## सरायपाली को 175 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया लोकार्पण-भूमिपूजन

रायपुर, (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने सरायपाली के नई मंडी प्रांगण में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र को करीब 175 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने सरायपाली नगर पालिका क्षेत्र में 23 करोड़ 28 लाख 61 हजार रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और 154 करोड़ 88 लाख रुपये के कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक श्रीमती चातुरी नंद, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल चौहान और छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र नायक भी शामिल हुए।

### पेयजल और अधोसंरचना के कार्यों का लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जल जीवन मिशन के तहत रेट्रोफिटिंग एवं एकल ग्राम योजना के अंतर्गत 24 ग्रामों में पेयजल सुविधा के लिए 18 करोड़ 18 लाख 61 हजार रुपये के कार्यों तथा विभिन्न वार्डों में सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए 5 करोड़ 10 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया।

उन्होंने 10.21 करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी निर्माण, अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 139.55 करोड़ रुपये तथा 5.12 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

# खेल समाचार

## एशियन गेम्सः भारत का 16 साल लंबा इंतजार खत्म, सीमा कुमारी ने महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में जीता 'ब्रॉन्ज'

नागोया (आरएनएस)। भारतीय एथलीट सीमा कुमारी ने 'एशियन गेम्स 2026' में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता है। गुरुवार को मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ के फाइनल में सीमा (32:50.05 सेकंड) ने तीसरा स्थान हासिल करते हुए भारत का 16 साल का इंतजार भी खत्म किया। इस दौड़ में बहरीन की विनफ्रेड यावी ने 32:39.18 सेकंड का समय लेकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि जापान की नोजोमी तनाका (32:41.54 सेकंड) ने सिल्वर मेडल जीता। सीमा एशियन गेम्स में 10,000 मीटर दौड़ में मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला बन गईं। इससे पहले, साल 2010 में प्रीजा श्रीधरन ने गोल्ड मेडल जीता था, जबकि उसी इवेंट में कविता राउत ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। भारत की लॉन्ग-डिस्टेंस रनर शुरुआती 2,000 मीटर में सबसे आगे रहीं; उन्होंने पहला 1,000 मीटर 3ः18.12 सेकंड में पूरा किया और 2,000 मीटर का मार्क 6:36.13 सेकंड में पार किया। भले ही धीरे-धीरे सीमा चौथे स्थान पर खिसक गईं, लेकिन आगे चल रहीं रनर्स के काफी करीब बनी रहीं। जब 1,000 मीटर दौड़ शेष थी, तब वह वापस तीसरे स्थान पर आ गईं और फाइनल स्टेज में अपनी स्थिति बनाए रखते हुए ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया। सीमा बहरीन की विनफ्रेड यावी से 10.87 सेकंड पीछे रहीं, जबकि कजाकिस्तान की डेजी जेपकेमेई (33:03.21 सेकंड) के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं।10 जनवरी 2001 को हिमाचल प्रदेश में जन्मीं सीमा




ने भारत की प्रमुख लॉन्ग-डिस्टेंस रनर्स में अपनी जगह बनाई है। 5,000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ उनके मुख्य इवेंट्स हैं। वह साल 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद नागोया पहुंचीं। मार्च में, कैलिफोर्निया में 'द टेन' इवेंट में 10,000 मीटर दौड़ में उन्होंने 32:02.43 का अपना अब तक का सबसे अच्छा समय निकाला और कड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में पांचवां स्थान हासिल किया था। इसके बाद अप्रैल में उन्होंने 5,000 मीटर दौड़ में भी अपना सर्वश्रेष्ठ समय सुधारकर 15:16.20 कर लिया। सीमा ने एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में 5,000 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीता। हांगकांग में 2024 एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में सीनियर महिला रेस में गोल्ड मेडल और 2026 में 65वीं नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10,000 मीटर दौड़ में उनके नाम गोल्ड मेडल है।

## एशियन गेम्स : अगली बार मेडल का रंग बदलने की कोशिश करूंगी, सिल्वर जीतने के बाद बोलीं रोशिबिना देवी

नागोया (आरएनएस)। एशियन गेम्स 2026 में गुरुवार को नाओरेम रोशिबिना देवी ने यादगार प्रदर्शन किया। मणिपुर की रहने वाली वुशु की इस खिलाड़ी ने 60 किग्रा के सांडा इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। लगातार तीसरे एशियन गेम्स में उनका यह तीसरा मेडल है। रोशिबिना ने अपनी उपलब्धि पर खुशी जताई है। रोशिबिना देवी ने सिल्वर मेडल जीतने के बाद आईएएनएस से कहा, मुझे बहुत खुशी है कि यह भारत का तीसरा मेडल है। यह तीसरा एशियन गेम्स मेडल है और आने वाले गेम्स में हम और भी कड़ी तैयारी करेंगे और मेडल का रंग बदलने का लक्ष्य रखेंगे। रोशिबिना ने 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज और 2023 में हांगझोऊ में हुए एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। रोशिबिना एशियाई खेलों में वुशु में लगातार तीन मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

महिलाओं के 60 किग्रा सांडा इवेंट में रोशिबिना देवी ने सिल्वर मेडल जीता। रोशिबिना को फाइनल में चीन की झांग शियाओयू से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा और परिणामस्वरूप उन्हें सिल्वर मेडल (रजत पदक) से संतोष करना पड़ा। झांग ने टाइटल बाउट में दबदबा बनाया और दोनों राउंड 5-0 से जीतकर मुकाबला 10-0 से अपने नाम कर लिया।

25 साल की इस मणिपुरी एथलीट ने वुशु के कॉम्बैट-स्पोर्ट डिसिप्लिन, सांडा के उसी वेट डिवीजन में दूसरी बार सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने पहले क्वार्टरफाइनल में मकाओ की चू मान सिन को 5-0 से हराकर मेडल पक्का किया था। वुशु की सांडा श्रेणी में सेमीफाइनलिस्टों का कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का हो जाता है। रोशिबिना 2022 में अपने परफॉर्मेंस को बेहतर करना चाहती थीं। उन्होंने इंडोनेशिया की थानिया कुसुमनिंगत्यास को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आखिर में गोल्ड मेडल के मुकाबले में चीन की झांग शियाओयू से 0-2 से हार गईं।

रोशिबिना को लगातार तीसरे एशियन गेम्स में मेडल जीतने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री मनसुख मांडविया और मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने बधाई दी।

## एशियन गेम्स : अफगानिस्तान ने जापान को 48 रन से हराया, अरब गुल मोमंद ने लिए 4 विकेट

निशिन (आरएनएस)। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने जापान को 48 रन से हरा दिया। जापान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 129 रन बनाए। अफगानिस्तान की तरफ से पारी की शुरुआत करने उतरे मोहम्मद अकरम ने 29 गेंदों पर 2 छक्के और 2 चौकों की मदद से 34 रन बनाए। करीम जनत ने 23 गेंदों पर 21 और कप्तान दरविश रसूली ने 27 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 29 रन की पारी खेली। आखिरी ओवरों में विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद इशाक ने 17 गेंदों पर 1 छक्का और 2 चौकों की मदद से 25 रन की पारी खेलकर टीम को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जापान के लिए शोमा सुगाया-स्लेटर और इब्राहिम ताकाहाशी ने 2-2 विकेट लिए। थॉमस और डेविस को 1-1 विकेट मिला।

130 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी जापान की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने अपना पहला विकेट शून्य के स्कोर पर खो दिया। दूसरे विकेट के लिए रियो सकुरानो-थॉमस और कप्तान फ्लेमिंग ने 31 रन की साझेदारी की। फ्लेमिंग 14 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद थॉमस और बेंजामिन डेविस के बीच तीसरे विकेट के लिए 22 रन की साझेदारी हुई। इस समय तक लग रहा था कि जापान अफगानिस्तान को टक्कर देने की स्थिति में है। लेकिन इसके बाद पूरी टीम बिखर गई। 53 रन पर तीसरा विकेट खोने वाली जापान 19.3 ओवर में 81 रन पर सिमट गई।

अफगानिस्तान ने 48 रन से जीत हासिल की।

अफगानिस्तान के लिए अरब गुल मोमंद ने बेहतरीन गेंदबाजी की और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अरब ने 4 ओवर में 2 मेडन फेंकते हुए मात्र 8 रन देकर 4 विकेट लिए।

## 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारतीय पुरुष टीम के हाथ लगी निराशा, स्कीट मिक्स्ड टीम फाइनल में पहुंची

नागोया (आरएनएस) ,। एशियन गेम्स 2026 में गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट में कमलजीत, केदारलिंग बालकृष्ण और आकाश भारद्वाज की भारतीय पुरुष पिस्टल टीम मेडल जीतने से चूक गई। भारतीय तिकड़ी ने कुल 1727 का स्कोर (53 इनर-10एस के साथ) बनाया लेकिन टीम ब्रॉन्ज मेडल जीतने की रेस में जापान (1730-53×) से हार गई। चीन और इंडोनेशिया दोनों ने 1743-1743 अंक बनाए लेकिन इनर-10 की संख्या के आधार पर चीन को गोल्ड और इंडोनेशिया को सिल्वर मेडल मिला। टाई होने पर इनर-10एस को ही निर्णायक माना गया। वहीं, पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में कोई भी भारतीय खिलाड़ी नहीं पहुंच सका। कमलजीत 580 स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे जबकि आकाश 579 स्कोर के साथ 11वें और केदारलिंग उचागनवे 568 स्कोर के साथ 35वें स्थान पर रहे। इस बीच, अनंतजीत सिंह नरुका और परिनाज धालीवाल की भारतीय मिक्स्ड जोड़ी 138 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई है। कतर क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहा, उसके बाद कोरिया दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर रहा।

अनंतजीत और परिनाज दोनों बुधवार को भारत की मेडल जीतने वाली स्कीट टीमों का हिस्सा थे। ओलंपियन अनंतजीत ने पुरुष टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में मदद की थी और परिनाज उस महिला तिकड़ी का हिस्सा थीं जिसने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। बुधवार को टीम फाइनल में ईशा सिंह, मनु भाकर और सुरुचि इंदर सिंह की भारतीय तिकड़ी के लिए निराशाजनक अंत हुआ था। वह मेडल जीतने से चूक गई थीं।

## भारतीय पुरुष कबड्डी टीम का विजय रथ जारी, चीनी ताइपे को हराया

नागोया (आरएनएस)। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय पुरुष कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। सेमीफाइनल का टिकट हासिल करके देश के लिए पहले ही मेडल पक्का कर चुकी भारतीय टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ दमदार खेल दिखाते हुए 37-21 से जीत दर्ज की। भारतीय रेडर्स मुकाबले में पूरी तरह से चीनी ताइपे के डिफेंस पर हावी नजर आए। पहले हाफ में भारतीय टीम का दबदबा देखने को मिला। पहले हाफ में ही टीम ने 23-11 की बड़ी बढ़त हासिल की। चीनी ताइपे के डिफेंडर्स पहले हाफ में भारत के रेडर्स के खिलाफ पूरी तरह से बेबस दिखाई दिए। भारतीय टीम का डिफेंस भी मुकाबले में काफी मजबूत नजर आया। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम ने अपना दमदार खेल जारी रखा, हालांकि चीनी ताइपे के डिफेंस ने पहले हाफ के मुकाबले दूसरे हाफ में बेहतर खेल दिखाया।

## चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर की विदाई तय, BCCI ने किया ऐलान, 4 अक्टूबर को खत्म होगा कार्यकाल




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम की चयन समिति में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौजूदा मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कार्यकाल 4 अक्टूबर को समाप्त होने जा रहा है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि बोर्ड के पास इस संबंध में फैसला लेने के लिए अभी पर्याप्त समय है।अजीत अगरकर पिछले करीब तीन वर्षों से भारतीय सीनियर पुरुष टीम की चयन समिति के प्रमुख की भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यकाल में भारतीय टीम में कई अहम बदलाव हुए और अलग-अलग प्रारूपों के लिए खिलाड़ियों के चयन को लेकर समिति ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए।अजीत अगरकर के कार्यकाल को लेकर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई से बातचीत में कहा, अजीत अगरकर की बात करें तो उनका कार्यकाल 4 अक्टूबर को खत्म होने जा रहा है। हमारे पास 4 अक्टूबर तक पर्याप्त समय है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम के चयन के साथ अगरकर की मौजूदा चयन समिति में भूमिका समाप्त हो सकती है। हालांकि, नए चयनकर्ता के नाम को लेकर बीसीसीआई की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सैकिया ने यह भी संकेत दिया कि बोर्ड जल्द ही खाली होने वाले पद पर फैसला ले सकता है। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर के बाद नया सदस्य चयन समिति का हिस्सा बन जाएगा और बीसीसीआई के फैसले के बाद नए चयनकर्ता के नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

भारतीय सीनियर पुरुष चयन समिति में अलग-अलग जोन से चयनकर्ताओं को शामिल किया जाता है। मौजूदा समिति में अजीत अगरकर के अलावा पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा और पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह शामिल हैं।

बीसीसीआई सचिव के बयान में नए 'सदस्य' का जिक्र होने के बाद यह चर्चा भी तेज हो गई है कि बोर्ड मौजूदा समिति के किसी सदस्य को ही मुख्य चयनकर्ता की जिम्मेदारी दे सकता है। हालांकि, इस संबंध में बीसीसीआई की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन निर्धारित स्थलों पर ही करें, नर्मदा एवं अन्य जलस्त्रोतों में सीधे विसर्जन से बचें : कलेक्टर सोमेश मिश्रा



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में गणेश उत्सव का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के समस्त श्रद्धालुओं, गणेश उत्सव समितियों एवं नागरिकों को गणेश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाए। प्रतिमाओं का विसर्जन केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित एवं निर्धारित विसर्जन स्थलों तथा विसर्जन कुंडों में ही करें। उन्होंने नागरिकों से विशेष रूप से अपील की है कि मां नर्मदा सहित अन्य नदियों एवं तालाबों में प्रतिमाओं का सीधे विसर्जन न करें।

गहरे पानी एवं तेज बहाव के कारण जलस्त्रोतों में सीधे विसर्जन के दौरान अप्रिय घटना या दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन स्थलों पर गोताखोर, पुलिस बल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं गणेश उत्सव समितियों से प्रशासन का सहयोग करने, निर्धारित विसर्जन स्थलों का उपयोग करने तथा पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन कर नागरिक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय दें और गणेश उत्सव को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करें।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत डोलरिया और शिवपुर में रक्तदान शिविर आयोजित



नर्मदापुरम (निप्र) । सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय डोलरिया एवं ग्राम शिवपुर में रक्तदान महादान शिविर आयोजित किए गए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार, सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन एवं बीएमओ डॉ. सृजन सेंगर की देखरेख में आयोजित शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग देना रहा। शासकीय महाविद्यालय डोलरिया में रक्तदान के महत्व एवं मानव सेवा विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य शिवा राजपूत ने स्वयं रक्तदान कर किया। उन्होंने रक्तदान को मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह भदौरिया एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सत्यनारायण परिहार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहर सिंह हिंडोलिया ने की।

## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक हुई



नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आगामी 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक संभागीय कार्यालय नर्मदापुरम में संपन्न हुई। महिला मोर्चा संभाग की प्रभारी पूर्व सांसद बैतूल ज्योति धुर्वे एवं एवं आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम की जिला संयोजक राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ जिले की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती मोनिका चौकसे ने बताया कि आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से समाज की महिलाओं के साथ जुड़कर सेवा संवाद और सहभागिता को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हम हर आंगनवाड़ी पर जाएंगे इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव जिला उपाध्यक्ष अर्चना साहू भाजपा के वरिष्ठ नेत्री सफलता तिवारी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री ललिता पुरवईया एवं मंडल के अध्यक्ष संयोजक पार्षद शक्ति केंद्र के संयोजक बहने उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ज्योति डेहरिया एवं आभार निर्मला राय ने व्यक्त किया।

## नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

### कलेक्टर के निर्देशानुसार सिवनी मालवा में लगातार कार्यवाही जारी 11 मोटरें जब्त



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय के नेतृत्व में अनुविभाग क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध राजस्व, खनिज तथा पुलिस विभाग का संयुक्त अभियान पूरी सख्ती के साथ संचालित किया जा रहा है। अवैध उत्खनन की प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी विजय राय द्वारा राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम गठित कर सख्त दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व, खनिज तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों में औचक छापामार कार्यवाही की गई। इसके अंतर्गत भिलाड़िया घाट क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त पंडुब्बी की 11 मोटरें जप्त की गईं। उल्लेखनीय है कि पिछले गत सप्ताह इसी प्रकार की कार्यवाही में कुल 25 मोटरों और 02 पनडुब्बियों को जप्त की गई थी।

## गैजेट्स की दुनिया से दूर नन्हे बच्चों ने सीखी सनातन की एबीसीडी



इटारसी। नर्मदापुरम (निप्र)। आज के दौर में जब बचपन मोबाइल और गैजेट्स की स्क्रीनों में सिमटता जा रहा है इटारसी के शक्ति नगर; फेस-2 से एक ऐसी मनमोहक और सुकून देने वाली तस्वीर सामने आई है जो आपको भी सोचने पर मजबूर कर देगी। यहां सौरभ.अमित शिवनानी परिवार ने अपने घर के आंगन में केवल गणेश जी की झांकी नहीं सजाई बल्कि भारत के प्रमुख तीर्थों का एक ऐसा मिनी संसार रच दिया है जिसे देखकर हर कोई अचंभित है। और इस झांकी की सार्थकता तब और बढ़ गई जब इसे निहारने के लिए नन्हे.मुन्ने कदम यहां पहुंचे।

### एक ही जगह तिरुपति से लेकर कैलाश मानसरोवर तक के दर्शन

कल्पना कीजिए एक ही प्रांगण में भगवान श्री गणेश के झूलेलाल अवतार के दुर्लभ दर्शनए दक्षिण के श्री तिरुपति बालाजी और धनुषकोटी उत्तर का शांत कैलाश मानसरोवर लेह.लद्दाख का टूरटूक वाटरफॉल और पाताल भुवनेश्वर की रहस्यमयी गुफा शिवनानी परिवार की इस बारीक रचनात्मकता ने न सिर्फ शहरवासियों को आकर्षित किया है बल्कि यह आध्यात्म और कला का एक जीता जागता केंद्र बन गई है।

### बचपन स्कूल की शानदार पहल किताबों से बाहर निकलकर सीखे संस्कार

इस भव्य आयोजन का सबसे खूबसूरत अध्याय तब जुड़ा जब बचपन प्ले स्कूल की प्रिंसिपल मंजू ठाकुर अपने स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को इस मिनी भारत के दर्शन कराने लेकर पहुंचीं। यह महज एक भ्रमण नहीं था बल्कि बच्चों में बचपन से ही अपनी माटी सनातन धर्म और सांस्कृतिक जड़ों के प्रति जागरूकता लाने का एक मास्टरस्ट्रोक था। बच्चों की आंखों में तीर्थों को करीब से देखने की उत्सुकता और चेहरों पर जो भक्ति का भोलापन था उसने वहां मौजूद हर शख्स का मन मोह लिया। इन बच्चों को शहर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री बूढ़ी माता मंदिर भी ले जाया गया जहां बच्चों ने दर्शन करने के साथ मंदिर के विषय में जानकारी हासिल की।

### बेहतर नागरिक बनने की नींव

अपने धर्म और पवित्र तीर्थों के गौरवशाली इतिहास को जब बच्चे अपनी आंखों से देखते हैंए तो उनके भीतर एक बेहतरीन और संस्कारी नागरिक बनने के बीज बोए जाते हैं। सौरभ शिवनानी ने बच्चों को अपनी संस्कृति के इतने करीब लाने की इस सुंदर और सार्थक पहल के लिए प्रिंसिपल मंजू ठाकुर का हृदय से आभार व्यक्त किया है। शिवनानी परिवार ने शहर के सभी धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे भी सपरिवार आएं और इस अनूठी झांकी के दर्शन कर पुण्य लाभ लें।

## सीबीएसई ने अपनी पुस्तिका में प्रकाशित किए स्प्रिंगडेल्स स्कूल के नवाचार राष्ट्रीय स्तर पर स्प्रिंगडेल्स स्कूल की उपलब्धि



### विद्यालय की शिक्षिका की रचना प्रकाशित विद्यालय परिवार ने किया अभिनंदन

नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल नर्मदापुरम के लिए गौरव का एक और अध्याय जुड़ गया है। विद्यालय की संस्कृत शिक्षिका बाली कड़वे के आलेख को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की प्रतिष्ठित द्विवार्षिक ई.पत्रिका सेनबोसेक के जुलाई दिसंबर 2025 संस्करण के अगले कदम सेक्शन में स्थान मिला है। राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक मंच पर विद्यालय की शिक्षिका की रचनात्मक अभिव्यक्ति को स्थान मिलने पर विद्यालय परिवार द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया। सीबीएसई के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शैक्षणिक मंच पर किसी शिक्षक एवं विद्यालय के रचनात्मक कार्यों का प्रकाशित होना बाली की विषयगत समझ सृजनात्मक दृष्टिकोण एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान का परिचायक है। बाली कड़वे की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा।

प्राचार्य मोना चटर्जी ने बाली कड़वे को बधाई देते हुए कहा एक शिक्षक की पहचान केवल कक्षा में दिए गए ज्ञान तक सीमित नहीं होती। जब शिक्षक अपने अनुभव चिंतन और रचनात्मक विचारों को व्यापक शैक्षणिक मंच तक पहुंचाते हैं तो वे शिक्षा जगत को समृद्ध करने के साथ विद्यार्थियों के सामने सीखने और सृजन का प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं। बाली कड़वे की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और हमारे शिक्षकों को निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी ने बाली कड़वे को शुभकामनाएं देते हुए कहा शिक्षा की वास्तविक शक्ति केवल ज्ञान के संप्रेषण में नहींए बल्कि नए विचारों को जन्म देने और उन्हें समाज तक पहुंचाने में भी है। सीबीएसई के राष्ट्रीय मंच पर बाली कड़वे के आलेख का प्रकाशित होना उनकी रचनात्मकता का प्रमाण है साथ ही सीबीएसई के अधिकारियों द्वारा लगातार उनको दिया गया मार्गदर्शन एवं विद्यालय के नवाचारों के प्रति उनकी उत्सुकता हमारी सामूहिक उपलब्धि के साथ हमारी शैक्षणिक संस्कृति का भी प्रतिबिंब भी है जहां शिक्षकों को सोचनेए सृजन करने और अपनी प्रतिभा को व्यापक मंच देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अभिनंदन समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से सुश्री बाली कड़वे को सम्मानित करते हुए उनको बधाई दी है। उनकी इस उपलब्धि ने स्प्रिंगडेल्स स्कूल की एवरी चाइल्ड मेटरर्स की भावना के साथ.साथ शिक्षकों में निरंतर सीखने चिंतन और सृजन की संस्कृति को भी नई पहचान प्रदान की।

## उत्साह व उल्लास के साथ मनाया जा रहा गणेश महोत्सव, आज होगा समापन

नर्मदापुरम (निप्र) । शहर में गणेश उत्सव की धूम है। खासकर युवा और बच्चों के द्वारा गणेश उत्सव में विशेष सहभागिता की जा रही है। गणेश उत्सव समिति द्वारा छोटे -छोटे बच्चों द्वारा गणेश जी मूर्ति बना कर सभी बच्चों द्वारा लगन के साथ गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। जिसका आज गाजे बाजे के साथ समापन होगा। बच्चों के उत्साह को देखते हुए नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिक उनका उत्साह बढ़ा रहे है व रोजाना बच्चों द्वारा तरह -तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत केसला में ग्राम चौपाल आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र) । सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनजाति कार्य विभाग द्वारा विकासखंड केसला में आदिवासी ग्रामीणों के साथ ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग नर्मदापुरम विवेक नागवंशी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। ग्राम चौपाल के दौरान वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत व्यक्तिगत वन अधिकार तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार से संबंधित प्रावधानों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर वन अधिकारों से जुड़े मामलों में आने वाली समस्याओं को समझा तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत 'नमो सेवा-अनकही कहानिया' का नुक्कड़ नाटक आयोजित

### सतरस्ता काली मंदिर के सामने कलाकारों ने नाट्य प्रस्तुति से विकास यात्रा और जनकल्याणकारी पहलों को किया प्रदर्शित

नर्मदापुरम (निप्र)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं सार्वजनिक स्थलों पर 19 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नर्मदापुरम में सतरस्ता काली मंदिर के सामने नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति के कलाकारों अभिषेक सैनी, विभूति शर्मा, ऋचा शर्मा, वैष्णवी वर्मा, राजीव मिश्रा, बसंत दुबे, असमादित्य तिवारी, अभिषेक अहिरवार एवं रत्नेश साहू ने प्रस्तुति में सहभागिता की। कलाकारों ने नाट्य मंचन के माध्यम से विकास यात्रा के विभिन्न पहलुओं को आकर्षक एवं प्रभावी ढंग से जीवंत किया। कार्यक्रम में जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति, नर्मदापुरम के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों, जनकल्याणकारी पहलों एवं बदलते भारत की तस्वीर को संवाद, अभिनय और विभिन्न दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की।




## टीएसी सदस्यविकास नरोलिया के आतिथ्य मे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता हुई




नर्मदापुरम (निप्र) । ड्रीम इंटरनेशनल स्कूल, आई.टी.आई. रोड, नर्मदापुरम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा और विचारों के माध्यम से विकसित भारत के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना प्रस्तुत की।

### कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास

नरोलिया, सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति (TAC), भारत सरकार एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, बीआरसी श्रीमती सपना गोहला एवं संकुल प्रभारी प्रमोद नागर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।विद्यालय के संचालक राहुल भावसार एवं बृजेश गोस्वामी ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करने के लिए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए उनमें समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा, समर्पण तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों से विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से संवाद करते हुए उनकी जागरूकता और विचारशीलता को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता, विचारों और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सकारात्मक एवं जिम्मेदार भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा-भावना एवं विकसित भारत के निर्माण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। विजेता 1. काव्या ओसले (8वीं)2. रुद्र प्रताप कदम (7वीं) 3. राजनंदिनी चौरे (8वीं) रहे।

## डीपीसी ने सोहागपुर विकासखंड के स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिले के स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग के संबंध में दिए गए निर्देशों के पालन में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) डॉ. राजेश जायसवाल ने सोहागपुर विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम केवलारी, बोदी एवं लांघाबमोरी स्थित विद्यालयों में पहुंचकर शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में स्वच्छता, शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का भी परीक्षण किया गया। ग्राम केवलारी के विद्यालय में दर्ज संख्या एवं विद्यार्थियों की वास्तविक उपस्थिति अत्यंत कम पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## रेशम पालन से स्वावलंबन की राह पर बढ़ीं ज्योतिबाई

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में रेशम पालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। ग्राम पलियापिपरिया की श्रीमती ज्योतिबाई ने शहतूत पौधरोपण एवं रेशम कीट पालन को स्वरोजगार का माध्यम बनाकर परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया है।श्रीमती ज्योतिबाई, पत्नी श्री मोहन, शासकीय रेशम केन्द्र पलियापिपरिया में कार्यरत हैं। आदिवासी वर्ग से आने वाली श्रीमती ज्योतिबाई का सपना था कि वे अपने ग्राम में ही स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें और परिवार के पालन-पोषण में आर्थिक सहयोग प्रदान करें। इसी उद्देश्य से उन्हें स्वावलंबन योजना के अंतर्गत शासकीय रेशम केन्द्र पलियापिपरिया में एक एकड़ क्षेत्र में शहतूत (मलबरी) पौधरोपण के लिए भोगाधिकार प्रदान किया गया। श्रीमती ज्योतिबाई ने वर्ष 2010-11 में एक एकड़ क्षेत्र में शहतूत पौधरोपण कर रेशम कीट पालन का कार्य प्रारंभ किया।

**पश्चिम मध्य रेल**

जबलपुर मंडल ▪ वाणिज्य विभाग

**e-auction for MPS contracts**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

**कार्य का प्रकार: मल्टी पर्पस स्टॉल ▪ कैटलॉग क्र.: JBP-C-MPS-26-7**

**स्टेशन : सतना** लॉट क्र.: MPS-JBP-STA-MPS-25-24-1. यूनिट क्र.: STA-MPS-2. ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय: 06.10.2026, 11:00 Hrs. ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय: 06.10.2026, 11:30 Hrs. **स्टेशन : पिपरिया** लॉट क्र.: MPS-JBP-PPI-MPS-47-26-1. यूनिट क्र.: PPI-MPS-2. ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय: 06.10.2026, 11:00 Hrs. ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय: 06.10.2026, 11:40 Hrs. **स्टेशन : कटनी** लॉट क्र.: MPS-JBP-KTE-MPS-9-24-1. यूनिट क्र.: KTE-MPS-1. ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय: 06.10.2026, 11:00 Hrs. ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय: 06.10.2026, 11:50 Hrs.

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर E-Auction Leasing मॉडयूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटिंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com